भाद्रपद शुक्ल पक्ष-7, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 99 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल

22 सितंबर 2023 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**

31 अधिकतम

23 न्यूनतम



Page- 7

## बचत की आदत कमजोर इंवेस्टमेंट पर जोर

**नई दिल्ली एजेंसी।** देश में कोरोना महामारी के दौरान भारतीय बैंकों ने ब्याज दरों में जो कटौती की थी, जिसके चलते लोगों ने वित्तीय बचत करने की बजाय संपत्तियों में निवेश करना शुरू कर दिया। यह सिलसिला अब तक जारी है। हाल में एसबीआई की एक रिसर्च रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि दो सालों में रिटेल क्रेडिट का 55 फीसदी हिस्सा घर खरीदने, उच्च शिक्षा और वाहनों की खरीद में इस्तेमाल किया गया है। ऐसी खबरें भी हैं कि भारत में लोगों की बचत में गिरावट आई है और यह 50 साल में सबसे निचले स्तर पर है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि घरेलू बचत वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कुल जीडीपी की सिर्फ 5.1 प्रतिशत रह गई है अब एसबीआई की ताजा रिसर्च में इन रिपोर्ट्स को पूरी तरह से भ्रामक बताया गया है।



## ट्रेन में महिला आरक्षक से छेड़छाड़ करने वाले युवक को मार गिराया

**लखनऊ एजेंसी।** बीते दिनों उत्तर प्रदेश पुलिस की महिला कांस्टेबल से छेड़छाड़ और हमले के आरोपी को एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया है। पिछले दिनों सरयू एक्सप्रेस में यह घटनाक्रम हुआ। अब एसटीएफ और अयोध्या पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान एनकाउंटर में अपराधी नसीम को ढेर किया। स्पेशल डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार के मुताबिक आरोपी अनीश नसीम अयोध्या के पूरा कलंदर में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया जबकि दो अन्य साथी, आजाद और विशंभरदयाल दुबे घायल हो गए। पुलिस कार्रवाई के बाद उन्हें अयोध्या जिले में गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं एनकाउंटर में पुलिसकर्मी रतन शर्मा और दो सिपाहियों के घायल हुए हैं।




## भोपाल में 2 इंच से ज्यादा बारिश, 23-24 को भी आसार

**भोपाल।** प्रदेश में तेज बारिश का दौर फिर शुरू हो गया है। भोपाल में बीती रात 2 बजे से सुबह 9 बजे तक 2 इंच से ज्यादा पानी गिर गया। दोपहर को फुहारों के बीच में धूप भी निकल रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, 23-24 सितंबर को प्रदेश के ज्यादातर जिलों में तेज बारिश हो सकती है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी झारखंड के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में एक्टिव है। यह उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर जा रहा है। इससे नर्मदापुरम, भोपाल, जबलपुर समेत कई जिलों में कहीं-कहीं बारिश हुई। अगले 24 घंटे के दौरान सिस्टम कमजोर होगा, लेकिन नर्मदापुरम, हरदा, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है।



## लालू समेत रेलवे के पूर्व अधिकारियों को समन

**नई दिल्ली।** बिहार के पीर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव और रेलवे के अधिकारियों समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने समन जारी किया है। लालू प्रसाद यादव पर रेल मंत्री रहने के दौरान रेलवे भर्ती में घोटाया का आरोप है और इसी मामले में कोर्ट ने समन जारी किया है।

इस मामले में लालू के बेटे तेजस्वी यादव की आज दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई होनी थी, लेकिन सुनवाई टल गई और अब यह सुनवाई आज यानी की 22 सितंबर को होगी, जिसमें यह तय होगा कि चार्जशीट स्वीकार करने लायक है या नहीं। इससे पहले इस मामले की सुनवाई आठ अगस्त को होनी थी जो टल गई। इसके बाद सुनवाई को बढ़ाकर 12 सितंबर तक किया गया था, जिसे कोर्ट 21 सितंबर तक टाल दिया।

### उज्जैन में सीएम ने बांटे ऋण, 71 हजार रोजगार देने वाली इकाइयों की शुरूआत

# रोजगार के लिए युवाओं को 23सौ करोड़ रुपए, नए उद्योगों की रखी नींव




*मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यकर्ता महाकुंभ के लिए जंबूरी मैदान पर जारी तैयारी का जायजा लिया।*

**उज्जैन, दोपहर मेट्रो/एजेंसी।**

राज्य सरकार चुनाव के पहले समाज के हर वर्ग तक सौगातें पहुंचाने के अभियान पर है। आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य-स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम के तहत यहां से विभिन्न स्व-रोजगार योजनाओं के मप्र के तीन लाख से अधिक युवाओं को 2300 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण वितरण कर रहे है। यह युवाओं को स्व-रोजगार से जोड़ने की योजना का हिस्सा है। इसके अलावा शिवराज ने विभिन्न जिलों की 1708 एमएसएमई इकाइयों और 10 करोड़ से 50 करोड़ रुपये के निवेश वाली 43 इकाइयों का लोकार्पण तथा 307 एमएसएमई इकाइयों, 17 क्लस्टर और 26 विभागीय औद्योगिक क्षेत्रों का भूमिपूजन और लोकार्पण हो रहा है। सरकार का दावा है कि इन परियोजनाओं से 71 हजार से अधिक व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होगा। आज कार्यक्रम के मौके पर अनेक जिलों से वचुर्अल जुड़े युवाओं ने सफल उद्यमियों व स्व-रोजगार में लगे अन्य युवाओं के अनुभवों को भी सुना व संवाद किया। इसके बाद मुख्यमंत्री एक अन्य कार्यक्रम में महाकाल लोक परिसर में स्मार्ट सिटी द्वारा 11 करोड़ नौ लाख रुपये की लागत से निर्मित मेघदूत पार्किंग तथा 27 करोड़ रुपये की लागत से श्री महाकाल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा निर्मित अन्न क्षेत्र का लोकार्पण करेंगे। मंदिर समिति द्वारा 500 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जाने वाले भक्त निवास और 17 करोड़ रुपये से बनने वाले फेसिलिटी सेंटर का भूमिपूजन भी होगा।

## भाजपा मुख्यालय पहुंचे मोदी, महिला नेताओं ने किया स्वागत, जताया आभार

**नई दिल्ली एजेंसी।** महिला आरक्षण बिल लोकसभा और राज्यसभा में पास होने के बाद आज दिल्ली स्थित भाजपा दफ्तर में जश्न मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसमें शामिल हुए। महिला मोर्चा की नेताओं और कार्यकर्ताओं ने फूल बरसाकर मोदी का अभिनंदन किया। इसमें सभी महिला सांसद, दिल्ली की महिला पार्षद और बीजेपी महिला मोर्चा की तमाम नेता मौजूद रही। इस मौके पर मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले ये बिल तो संसद में लाया गया, लेकिन लीपापोती हुई, सिर्फ नाम दर्ज कराए गए। निष्ठापूर्वक प्रयास नहीं किए गए क्योंकि इनकी मंशा नहीं थी पास कराने की। सबने वोट तो दिया लेकिन कुछ लोगों की आपत्ति थी कि नारी शक्ति वंदन शब्द क्यों लाए, क्या महिला-माता बहनों का वंदन नहीं करना चाहिए। मोदी ने कहा कि ये कानून देश के लिए काम करने का जज्बा और देश को आगे बढ़ाने की क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। अमूल जैसे डेयरी में बड़े बड़े नाम सुनते हैं, उनके मूल में महिलाएं हैं। हम लोग लिज्जत पापड़ जानते हैं, आज मल्टी नेशनल कंपनियों को टक्कर दे रहा है ये हमारी महिलाओं की क्षमता का प्रतीक है। मोदी ने कहा, देश ने नया इतिहास बनते देखा है।



## ठाकरे के साथ एक मंच पर कमलनाथ

**छिंदवाड़ा।** पांढुर्णा में आज छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण हो रहा है। खास बात यह है कि इसमें शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता व महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे कें साथ मंच पर मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ और छिंदवाड़ा से सांसद नकुलनाथ भी मौजूद रहेंगे। इसके बाद एमपीएल ग्रांड में जनसभा को संबोधित किया जाएगा। यह पहली बार है जब महाराष्ट्र में महाअघाड़ी दल के सहयोगी दल कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव गुट) नेता मध्यप्रदेश में एक साथ नजर आए हैं। छिंदवाड़ा कमलनाथ का गृहक्षेत्र है। यहां से वे विधायक भी हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पिछले महीने अगस्त में पांढुर्णा को जिला बनाने की घोषणा कर चुके हैं। पांढुर्णा महाराष्ट्र से सटा हुआ इलाका है। बड़ी संख्या में मराठी समाज के लोग भी यहां रहते हैं।





## चांद पर सोए विक्रम व प्रज्ञान को जगाने के प्रयास

**नई दिल्ली/श्रीहरिकोटा, एजेंसी।**

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरे भारत के लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान को आज फिर जगाने के प्रयास किये जा रहे है। बीते चौदह दिन से दोनो स्लीप मोड मे थे।इसरो आज फिर से संपर्क स्थापित करने का प्रयास कर सकता है। इसरो के अहमदाबाद स्थित अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (एसएसी) के निदेशक नीलेश देसाई ने बताया कि अगर भाग्य ने साथ दिया तो दोनों से न केवल फिर संपर्क होगा, बल्कि उनके उपकरण भी उपयोग करने की दशा में मिलेंगे। हालांकि, इसके सामने काफी बड़ी चुनौतियां हैं। इसे लेकर इसरो के पूर्व अध्यक्ष जी माधवन नायर का कहना है कि विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर लगभग दो सप्ताह से स्लीप मोड में हैं। वहां तापमान माइनस 150 डिग्री से भी ज्यादा हो सकता है। यह लगभग फ्रीजर से कुछ निकालने और और फिर उसका उपयोग करने की कोशिश करने जैसा है। उस तापमान पर बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और तंत्र कैसे एक्टिव रहते हैं, यह वास्तव में चिंता का विषय है। नायर ने कहा है कि ऐसी परिस्थितियों के लिए पर्याप्त परीक्षण किए गए हैं। फिर भी हमें भाग्य का साथ चाहिए होगा।

### 14 दिन बाद संपर्क की कोशिशें



**अगले 14 दिनों में कुछ और चहलकमदीः** चांद पर सूर्योदय के बाद सौर ताप उपकरणों और चार्जर बैटरियों को भी गर्म कर देगा। यदि ये दोनों शर्तें सफलतापूर्वक पूरी हो जाती हैं, तो यह काफी अच्छा मौका है कि सिस्टम फिर से चालू हो जाएगा। एक बार यह चालू हो जाए, तो यह काफी संभव है कि अगले 14 दिनों में कुछ और दूरी तक घूमकर चंद्रमा की सतह पर अधिक डेटा एकत्र कर सकते हैं।

### कांग्रेस की चुनाव समितियों में फिर नया 'संशोधन'

## अब पटवारी की वाइल्ड कार्ड एंट्री कैंपेन कमेटी के सह अध्यक्ष बने

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा चुनाव के लिये समितियों आदि की जमावट कर चुकी मप्र कांग्रेस में अब लगातार संशोधनों का दौर चल पड़ा है। आज हाइकमान ने विधायक व पूर्व मंत्री जीतू पटवारी को चुनाव अभियान समिति का सह-अध्यक्ष बना दिया है। इसे कांग्रेस के अभियान में आदिवासी व ओबीसी का 'कांबिनेशन' माना जा रहा है। हाल में कांग्रेस ने ओबीसी वर्ग के लिये संसद से लेकर सड़क तक मुखरता से आवाज उठाई भी है। इस समिति के अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया हैं। इससे पहले अजय सिंह,सुरेश पचौरी और अरूण यादव को स्क्रीनिंग कमेट में शामिल किया गया था। हालांकि यह भी माना जा रहा है कि मप्र के प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवालां के हस्तक्षेप के बाद यह बदलाव हो रहे हैं। इसे नेताओं के बीच संतुलन साधने की कोशिश भी माना जा रहा हैं दूसरी तरफ इसे कमलनाथ की चुनावी जमावट व मंशा से इतर भी देखा जा रहा है। जीतू पटवारी को बड़ी जिम्मेदारी देने का आदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने जारी किया है। पार्टी ने कुछ दिन पूर्व ही मप्र में चुनाव अभियान समिति का गठन करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री व आदिवासी नेता कांतिलाल भूरिया को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया था।



**मेट्रो एंकर**

### 'मुंबई सररियल एस्टेट' सीरीज की चर्चा, लोग पूछ रहे-नीचे कैसे उतरेंगे?

# हवा में तैरते अपार्टमेंट्स, मुबंई की नई एआई तस्वीर!



**मुबंई, एजेंसी।**

मुबंई ऐसा शडर है जहां सपने लेकर पहुंचने वाले लोगों का सबसे बड़ा सपना एक घर बनाने का होता है। मगर हकीकत यह है कि तमाम लोगों के लिए मुंबई में अपना खुद का घर खरीदना सपना सिर्फ सपना ही रह जाता है। क्योंकि मायानगरी में जगह की इतनी मारामारी है कि अधिकतर जनता छोटे-छोटे कमरों में अपनी पूरी जिंदगी गुजार देती है। हालांकि, वक्त के साथ मुंबई में गगनचुम्बी इमारतों की संख्या बढ़ी है, जिसमें पैसे वाला वर्ग सी व्यू का आनंद उठाते हुए रहता है। ऐसे में एक आर्टिस्ट ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानि AI की मदद से 'मॉर्डन मुंबई' की कल्पना की है। यह AI आर्ट सीरिज स्क्रीन राइटर और डिजिटल क्रिएटर प्रतीक अरोड़ा ने बनाई है, जिसमें मुंबई शहर के बादलों के बीच गोलाकार अपार्टमेंट तैरते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने इस 'मिडजर्नी-मेड सीरिज' को 'मुंबई सररियल एस्टेट' नाम दिया है। यह तस्वीरें सोश, मीडिया पर जमकर वायरल हैं। इस आर्ट सीरीज को लोग पसंद भी कर रहे हैं और प्रश्न भी पूछ रहे हैं। किसी ने पूछा है कि इतनी ऊंचाई पर घर है लेकिन आदमी नीचे कैसे उतरेगा!

### बेघर इस कल्पना से ही हुए खुश

उल्लेडखनीय है कि इस सीरीज पर समुद्र के किनारे के हवाई अपार्टमेंट्स की भी कल्पना है और सघन बस्तियों में हवा में बने अपार्टमेंट्स भी नजर आते हैं। दो करोड़ से ज्यादा आबादी वाले इस महानगर में यह तस्वीरें 'बेघर' लोगों के लिये एआई तकनीक वाले काल्पनिक राहत का सबब भी हैं। दरअसल आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ने कलाकारों की कल्पनाशक्ति को नई उड़ान दे दी है। इस पावरफुल टेक्नोलॉजी की मदद से अब लोग रियलस्टिक और स्टनिंग आर्टवर्क बनाकतर सोशल मीडिया की जनता को हैरान कर रहे हैं।

### कलियासोत–केरवा डैम के कैचमेंट क्षेत्र में अतिक्रमण
### पहले एनजीटी ने लगाया था जुर्माना आदेश लिया वापस



# सीएस पर जुर्माना माफ, एनजीटी चेयरमैन तक पहुंचा मामला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव यानी सीएस इकबाल सिंह बैंस पर लगाया गया जुर्माना माफ करने का मामला केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय और नेशनल ग्रीन ट्रीब्यूनल के चेयरमैन तक पहुंच गया है। यह जुर्माना एनजीटी की भोपाल बेंचने लगाया था। जिसे बुधवार को एनजीटी ने ही वापस ले लिया है। जिस पर याचिकाकर्ता ने सुभाष सी पांडे ने आपत्ति दर्ज कराई है। उनका तर्क है कि पहले जुर्माना लगाना और बाद में वापस लेने से अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। उल्लेखनीय है कि केरवा व कलियासोत के बफर जोन में अतिक्रमण और जलाशय में सीवेज मिलने के मामले में सुभाष सी पांडे ने याचिका लगाई थी। इसके लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने अतिक्रमण करने वालों की सूची एनजीटी को सौंपी थी। जिस पर बीते 18 अगस्त को एनजीटी के न्यायाधीश सुधीर अग्रवाल की बेंच ने मुख्य सचिव को फटकार लगाई थी। साथ ही दोनों जलाशयों में अतिक्रमण और गंदगी का जिम्मेदार मानते हुए पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। जिसके बाद हाल ही में राज्य शासन के वकीलों ने पांच लाख रुपये का जुर्माना माफ करने की गुहार लगाई थी।



**अब एक्शन पर नजर:** सरकार ने वादा किया है कि वे अब जियो टैकिंग भी करेंगे, अतिक्रमण करने वालों पर भी कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों से भी सवाल–जवाब हो रहे हैं। मगर ट्रिब्यूनल के रुख के बाद सरकार के एक्शन पर नजर है कि वह अतिक्रमण हटाने के लिये क्या व कैसे काम करेगी। क्योंकि इस इलाके में बेहद रसूखदार लोगों के आशियाने व अन्य संस्थान हैं।

**अतिक्रमणकारियों का मनोबल बढ़ेगा:** प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्टेट लेवल ज्वाइंट कमेटी ने बुधवार को 512 पेज की रिपोर्ट एनजीटी में सौंपी थी। इसमें बताया है कि इस मामले में मुख्य सचिव का कोई दोष नहीं है। कमियां तत्कालीन वकील, नगर निगम के सिटी प्लानर, पीसीबी आरओ ने की है। याचिकाकर्ता ने बताया कि मुख्य सचिव पर जो जुर्माना लगाया था वह पुराने आदेश का पालन नहीं करने पर लगाई गई है। ऐसे में इसे वापस लेने का कोई तर्क नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सितंबर 2024 तक एनजीटी ने आदेश का परिपालन कराने के निर्देश दिए थे वह भी नहीं हो रहा है। याचिकाकर्ता ने इस मामले में राज्य शासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस बेंच ने पेनाल्टी लगाई, उसका तबादला कर दिया। अब दूसरे जज आए तो उन्होंने पेनाल्टी वापस ले ली। जबकि इससे अतिक्रमणकारियों और लापरवाह अधिकारियों को बढ़ावा मिलेगा।

### समिति ने एनजीटी को यह भी बताया

-केरवा डैम के 33 मीटर ग्रीन बेल्ट में 79.022 हेक्टेयर और कलियासोत नदी के किनारे 82.55 हेक्टेयर क्षेत्र आता है।
-यह बफर जोन के रूप में है। कलियासोत डैम की बाउंड्री पर 123 पिलर लगे थे, जिनमें से वर्तमान में 64 पिलर टूटे हैं। अतिक्रमण किया है।
-वर्तमान में 679 पिलर कलियासोत डैम के चिंहाकन और सीमांकन के लिए लगाए जाएंगे। इनमें से 227 पिलर अब तक लगाए जा चुके हैं, जबकि 452 पिलर अक्टूबर 2023 तक लगा दिए जाएंगे।

### कॉलेज प्रवेश

# यूजी-पीजी में 35,594 छात्रों को आवंटित हुई सीट, पहले दिन हुए 1928 प्रवेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के 1373 कॉलेजों की 9.91 लाख सीटों पर प्रवेश के लिए उच्च शिक्षा विभाग की ई-प्रवेश प्रक्रिया जारी है। 6वें राउंड के बाद भी खाली रह गई करीब 4.78 लाख सीटों को भरने के लिए विभाग द्वारा 7वां सीएलसी अतिरिक्त राउंड चलाया जा रहा है। इस राउंड में गुरूवार को यूजी-पीजी में 35,594 स्टूडेंट्स को सीट आवंटित कर दी गई है। पहले दिन ही 1928 स्टूडेंट्स ने कॉलेज पहुंचकर प्रवेश भी ले लिया है। स्टूडेंट 20 से 26 सितंबर तक आवंटित कॉलेजों में ऑनलाइन फीस जमा कर एडमिशन ले सकेंगे। इसी अवधि में अपग्रेडेशन का ऑप्शन भी ले सकते हैं। 27 सितंबर को अपग्रेडेशन का आवंटन और 30 सितंबर तक इसके प्रवेश होंगे।

**22 हजार 606 ने कराया था**

**पंजीयन:** इस राउंड में यूजी-पीजी में करीब 22 हजार 606 नए रजिस्ट्रेशन हुए थे, इसमें यूजी के 16,663 और पीजी के 5943 रजिस्ट्रेशन शामिल हैं। इसी तरह यूजी-पीजी में 52 हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने चॉइस लॉक की थी। इसमें यूजी के 34,934 और पीजी के 17,084 स्टूडेंट शामिल हैं। यूजी के 25,177 और पीजी के 10417 स्टूडेंट्स को कॉलेज मिला है।

# सीढ़ी दर सीढ़ी.. जेपी में मरीजों की मशक्कत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के नये हिस्से की जरूरतों को पूरी करने में जेपी अस्पताल बार बार लड़खड़ा रहा है। यहां मरीजों की किसी एक समस्या का समाधान होता है तो दूसरी उभर जाती है। अब यहां भर्ती होने वाले बुजुर्ग और गंभीर मरीज अधिकारियों की लापरवाही के चलते सीि?यां च?ने की मजबूरी का मामला उभर रहा है। यह हाल तब हैं जबकि मरीजों की सहूलियत के लिए 9 महीने पहले यहां 35 लाख रुपए खर्च करके लिफ्ट लगाई गई थी !



बताया जाता है कि लाखों रूपये की यह लिफ्ट ही अब तक शुरू नहीं की जा सकी है। इसकी वजह लिफ्ट लगाने वाले कॉन्ट्रेक्टर और अस्पताल प्रबंधन के बीच चला आ रहा विवाद बताया जा रहा है। दरअसल, ब्लॉक बी में सर्जिकल आईसीयू, आरक्षित वृद्धाश्रम, फीमेल सर्जिकल वार्ड और फीमेल ऑर्थो वार्ड में भर्ती होने वाले मरीजों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए गलियारे में लिफ्ट लगाई गई है। करीब चार महीने पहले कांट्रेक्टर ने स्पीड पोस्ट से लिफ्ट की चाबी अस्पताल के पते पर भेज दी थी। मगर अस्पताल प्रबंधन ने इसे लौटा दिया। इसके बाद से लिफ्ट अब तक चालू नहीं हो पाई है। जानकार सूत्रों की मानें तो कांट्रेक्टर ने लिफ्ट तो लगा दी, लेकिन इसे अब तक अस्पताल को हैंडओवर ही नहीं किया है। लिफ्ट संचालन के लिए लाइसेंस भी नहीं लिया, यह लाइसेंस कॉन्ट्रेक्टर को लेना था।

### ठेकेदार के पास चाबी और तकनीक

बताया जाता है कि पांच महीने पहले जब अस्पताल प्रबंधन ने दबाव बनाया व लिफ्ट हैंडओवर करने की बात कही तो कॉन्ट्रेक्टर ने उन्हें सीधे ही चाबी सौंपनी चाही। लेकिन प्रबंधन ने शर्त रखी कि पहले कांट्रेक्टर इस लिफ्ट को चलाकर दिखाए, ताकि इसके संचालन की व्यवस्था की जा सके। मगर तब से कॉन्ट्रेक्टर ने न तो यह लिफ्ट चलाकर दिखाई और न हैंडओवर कर रहा है।

# 26 सितंबर को होगा बरतउल्ला विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह

### 191 विद्यार्थियों को डिग्री एवं मेडल प्रदान करेंगे राज्यपाल, 27 को गोल्ड

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बरतउल्ला विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 26 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। मिंटो हाल में आयोजित इस दीक्षांत समारोह में राज्यपाल मंगुभाई पटेल 191 विद्यार्थियों को डिग्री एवं मेडल प्रदान करेंगे। समारोह में यूजी-पीजी के कुल 27 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल मिलेंगे। इसमें 23 छात्राएं एवं 4 छात्र शामिल हैं। दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2021-22 में पास आउट होने वाले विद्यार्थियों को डिग्री एवं मेडल दिए जाएंगे। बीयू का 85 फीसदी गोल्ड छात्राओं के नाम रहा। जिस पर कार्यपरिषद की बैठक ने मोहर लगा दी है। बैठक में दीक्षांत समारोह सहित विभिन्न मुद्दों को मंजूरी दी गई। ईसी ने विवि के चिकित्सा केन्द्र में कार्यरत अंशकालीन चिकित्सकों की सेवा अवधि ब?ाने पर मोहर लगाई। वहीं, कई मामलों को अगली बैठक में रखने के निर्देश दिए।

**बीएससी बीएड और बीए कोर्स को मंजूरी:** ईसी के अध्यक्ष और कुलपति प्रो. सुरेश कुमार जैन द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान महाविद्यालय द्वारा प्रस्तावित और एनसीटीई द्वारा स्वीकृत चार वर्षीय एकीकृत शिक्षा कार्यक्रम के तहत बीएससीबीएड और बीएबीएड कोर्सों को शुरू करने के लिए ईसी के समक्ष प्रस्ताव रखा गया। ईसी ने इसे मंजूर कर लिया, यह दोनों कोर्स अगले सत्र से शुरू किए जाएंगे।

# कुटिया पर 127 लोगों ने नेत्रदान का संकल्प लिया



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम जी के अवतरण दिवस पर संतजी की कुटिया, सेवा संकल्प धाम पर नेत्रदान शिविर का आयोजन किया गया । इसमें 127 लोगों ने नेत्रदान के संकल्प पत्र भरे । नेत्रदान शिविर का आयोजन सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ने किया था। संतनगर थाना प्रभारी के एस रंधावा ने भी नेत्रदान का संकल्प पत्र भरा । इनके अलावा पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबूमल रीझवानी, नन्द दादलानी, गुलाब जेठानी, दिनेश वाधवानी, आरोग्य केन्द्र की डॉ. सुचेता कृपलानी तथा डॉ. वर्षा नाथानी ने संकल्प पत्र भरे । रीझवानी ने कहा कि मनुष्य जीवन का मूल उद्देश्य परमार्थ ही है । यही शिक्षा संत हिरदाराम साहिब जी ने भी दी थी । नेत्रदान से जीवन के साथ और जीवन के बाद भी व्यक्ति को नेत्र ज्योति मिलती है ।

### चार दिनी गरबा महोत्सव 28 से अक्टूबर से

# सिंधी सांस्कृतिक गरबा महोत्सव के लिए आज से प्रशिक्षण शुरू

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सिन्धी मेला समिति भोपाल द्वारा आयोजित सांस्कृतिक गरबा महोत्सव 2023 का आयेजन किया जा रहा है, जिसके लिए 22 सितंबर से 16 अक्टूबर तक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो संतनगर समेत शहर के 9 स्थानों चलेगा।

इसके लिए रजिस्ट्रेशन किए जा रहा हैं, जिन प्रतिभागियो ने पहले रजिस्टेशन करवाया है उन्हें समय पर उनके सेंटर प्रभारी पंजीयन कार्ड वितरण करेगे। प्रशिक्षण के बाद 17 अक्टूबर को सायं 5 बजे से सुंदर वन ग्रांउड में सभी गरबा सेंटरो के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा पूर्वाअभ्यास किया जाएगा।

बता दें हर वर्ष की तरह इस 17वे वर्ष में भी सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक गरबा महोत्सव2023 का चार दिवसीय 28, 29, 20 एवं 21 अक्टूबर 2023 को सुंदर वन नर्सरी हलालपुर लालघाटी भोपाल में प्रतिदिन साय 8 बजे से 11 बजे तक किया जा रहा है। रास ग्रुप द्वारा कार्यक्रम का संयोजन किया जा रहा है। मां दुर्गा की आराधना के रुप में गरबे के रुप में 25 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु सोनू ठाकुर द्वारा 22 सितंबर से 16 अक्टूबर 2023 तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा।

### दिया जाएगा प्रशिक्षण

- **संत** हिरदाराम हाल वन ट्री हिल्स सायं 6 बजे से 8 बजे तक
- **दुबई** महिला मण्डल धर्मशाला गांधीनगर सायं 6 बजे से 7 बजे तक
- **भोपाल** गर्ल्स स्कूल एयरपोर्ट रोड सायं 6.30 बजे से 8 बजे तक
- **ग्लोबस** ग्रीन एक्र्स नयापुरा लालघाटी सायं 9 बजे से 10 बजे तक
- **कम्यूनिटी** हाल प्रभु नगर ईदगाह हिल्स सायं 6 बजे से 8 बजे तक
- **अटलराम** धर्मशाला सिंधी कालोनी बैरसिया सांय 4 बजे से 5.30 तक
- **सांई** सतरामधाम धर्मशाला संत कंवरराम कालोनी सायं 5 बजे से 6.30 बजे तक

# कैचमेंट के विरोध में रैली निकाली किसानों ने




**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

बैरागढ़ से फंदा तक एवं खजूरी सड़क से नीलबड़ तक रोड के दाएं तरफ पांच से आठ किलोमीटर तक की जमीन कैचमेंट में डाल दी गई है, जिसके विरोध में किसानों एवं व्यापारियों ने संतनगर में रैली निकाली।

बैराग? विसर्जन घाट से संतजी की कुटिया तक रैली निकाली गई, जिसमें प्रस्ताव के खिलाफ नारेबाजी की गई। मजदूर किसान यूनियन के नेता मनोहर सिंह ठाकुर ने सभी से कैचमेंट विरोधी आंदोलन में सहयोग की अपील की। किसान यूनियन टिकैत के अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि यदि कैचमेंट लग जाएगा तो जो जमीन, प्लॉट या फार्मा हाउस है उनको किसी भी प्रकार की निर्माण की अनुमति नहीं होगी और जमीनों की कीमतें जीरो हो जाएंगी।

### मेट्रो एंकर

### संतजी के 118वें अवतरण दिवस पर हुए सेवा कार्य

# संतनगर ने दोहराया सेवा का संकल्प, हिरदारामजी को किया याद

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में संत हिरदारामजी का 118वां अवतरण दिवस सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। हजारों लोगों ने कुटिया पर माथा टेकर संतजी को नमन किया। विद्यालयों में बच्चों ने संतजी को पुष्पांजलि अर्पित की। बच्चों ने रैली निकालकर संतजी के संदेश लोगों तक पहुंचे। आम भंडारे का आयोजन किया।

**सेवा करना हो लक्ष्य:** मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में संत हिरदारामजी की 118वां जयंती दिवस पर मानस सेवा का संकल्प दोहराया गया। प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने संतजी को याद किया। सिद्धभाऊजी ने अपने संदेश में अपने संपूर्ण जीवन की उपलब्धियों का श्रेय संतजी को समर्पित किया। सचिव एससी साधवानी, अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, प्रशासनिक अधिकारी भगवान बाबाणी ने कहा कि सेवा कार्य करते रहिए, परिणामों के बारे में विचार न करने की सीख संतजी ने दी थी, यही सबके जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। प्राचार्य अजय बहादुर सिंह बच्चों से कहा संतजी के स्मरण में पंच दीपकों को प्रज्ज्वलित करें। इस अवसर पर बच्चों ने संतजी के प्रेरणादायी प्रसंगों की प्रस्तुति दी।



**सेवा कां संकल्प दोहराया:** नवयुवक सभा ने संत हिरदारामजी के 118 वें अवतरण दिवस पर श्री सुखमनी पाठ साहिब किया। सभा के अध्यक्ष विष्णु गेहानी, समिति संरक्षक वासदेव वाधवानी, उपाध्यक्ष महेश दयारामानी, महासचिव राजेश हिंगोरानी, सचिव सुरेश राजपाल, सहसचिव दिनेश वाधवानी व प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। सभी सेवा का संकल्प दोहराया।

**सेवा का संदेश देने रैली:** साधु वासवानी स्कूल में स्वामी हिरदाराम जी का 118वां अवतरण दिवस मनाया गया। बच्चों ने मानव सेवा के पुजारी के संदेश के साथ रैली निकाली। नंदवानी भवन में बच्चों, समाजसेवियों एवं शिक्षा जगत से जुड़े लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर संतजी को नमन किया। कार्यक्रम में शिक्षाविद विष्णु गेहानी, सुधार सभा के सचिव वासदेव मोतियानी व लखन भागचंदानी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबूमल रीझवानी, समाजसेवी जगदीश आसवानी, सिंधी सेंट्रल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानी, प्रतापराय तेजवानी व अन्य विशिष्ट जनों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

**संतजी का स्मरण किया:** दीपमाला पागारानी संस्कार पब्लिक स्कूल में संत हिरदारामजी के 118वें अवतरण दिवस पर पुष्पार्जलि एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों पुष्प अर्पित कर सेवा का संकल्प दोहराया। संस्था अध्यक्ष सुशील वासवानी ने बच्चों से सेवा, सुमिरन, स्वास्थ्य, शिक्षा, शांति के दीपक प्रज्ज्वलित करने आव्हान किया। संस्था सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि संतजी ने अपने जीवन में मानव सेवा के संकल्प को चरितार्थ किया।

### भंडारा हुआ, पौधे बांटे

संतजी के जन्म दिन पर लाइफ लाइन स्कूल में बच्चों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। विधार्थियो ने स्वामीजी के छाया चित्र डाइंग भी बनाई। प्राचार्य किरण वाधवानी ने स्वामीजी के कार्यों की जानकारी दी। बजरंग सेना समिति ने संतजी के जन्म दिन पर तुलसी के पौधों का वितरण किया और पार्क में जाकर पौधे लगाए।

**कुटिया में टेका माथा:** भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, कांग्रेस नेता कैलाश मिश्रा, पूर्व विधायक जितेन्द्र डागा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक मारण, घनश्याम लालवानी, माधु चांदवानी, भाजपा उपाध्यक्ष राहुल राजपूत व अन्य विशिष्ठजनों ने संतजी के समाधि स्थल पर माथा टेका।

### महाराष्ट्रीयन समाज का महालक्ष्मी उत्सव शुरू

**भोपाल ।** इन दिनों गणेशोत्सव के साथ ही महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा महालक्ष्मी उत्सव भी मनाया जा रहा है। महालक्ष्मी उत्सव गुरुवार से शुरू गया। 'महालक्ष्मी आली घरात सोन्याच्या पायानी, भर भराटी घेऊन आली, सर्वसमृद्धि घेऊन आली' के जयघोष के साथ मराठी परिवारों ने सुख-समृद्धि की देवी मां महालक्ष्मी का अपने घरों में आगमन कराया। आकर्षक झांकी सजाकर मंदिरों व घरों में ज्येष्ठा और कनिष्ठा महालक्ष्मी की स्थापना की गई। आज महाभोग का कार्यक्रम होगा और कल माता महालक्ष्मी की विदाई होगी।

# पेंशनर्स एसोसिएशन का पैंतरा, नया 'वेलफेयर संगठन' बनाया

## हाल में सरकार ने निरस्त किया था पंजीयन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
पेंशनर्स एसोसिएशन का पंजीयन सहायक पंजीयक फर्म्स एवं संस्था, नर्मदापुरम संभाग द्वारा बीते दिनों पंजीयन निरस्त करने की कार्रवाई के बाद पेंशनर्स से नया संगठन मप्र पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के नाम से बनाकर रजिस्टर्ड करा लिया है। दरअसल पेंशनर्स के नाम पर भी मध्य प्रदेश में तीन संगठन काम कर रहे थे, जिससे असमंजस की भी स्थिति थी, पेंशनर्स से कथित तौर पर वसूली भी हो रही थी और 'वास्तविक जरूरतमंद पेंशनर्स' का दावा है अन्य संगठनों व इनके नेताओं की वजह से उन्हें सरकार से पर्याप्त राहत भी नहीं मिल पाई और पंजीयन भी हाथ से चला गया।

## जांच में खुलासा: एक ही पंजीयन पर फर्जी पते से पेंशनर्स संगठन का संचालन

बताया जाता है कि उच्च न्यायालय के आदेश पर फर्म्स एवं संस्था द्वारा जांच में पाया गया कि श्याम जोशी, ओमप्रकाश बुधोलिया एवं राजकुमार दुबे स्वयंभू प्रांत अध्यक्ष बनाकर एक ही पंजीयन पर फर्जी पते से पेंशनर्स संगठन का संचालन कर रहे थे । जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि तीनों प्रांत अध्यक्ष प्रदेश के पेंशनर से बिना रसीद वसूली कर रहे थे एवं अधिनियम की धारा 34 के अंतर्गत संगठन के लेखों का संधारण भी नहीं किया जा रहा था । तीनों प्रांत अध्यक्षों द्वारा अधिनियम की धारा 38(2) के अंतर्गत प्रतिवर्ष दी जाने वाली धारा 27 की जानकारी में मूल रिकॉर्ड उपलब्ध होने का मिथ्या उल्लेख करते रहे । इस पेंशनर्स की अगुवाई करते रहे गणेश जोशी एवं आमोद सक्सेना ने आरोप लगाया कि तीनों प्रांत अध्यक्षों में सांठगांठ होने के कारण किसी ने भी एक दूसरे की कभी शिकायत नहीं की और ना ही न्यायालयीन कार्रवाई की । तीनों प्रांत अध्यक्षों के निजी स्वार्थ की पूर्ति के चलते लगभग 34 वर्ष पुराना पंजीयन इन्ही तीनों की वजह से निरस्त हो गया। तीनों प्रांत अध्यक्षों ने प्रदेश के पेंशनर्स से अवैध वसूली कर विश्वासघात किया है ।

### अक्टूबर में नए नियमों के साथ खुलेंगे जंगल

# टाइगर सफारी में जिप्सी को राहत, पर्यटकों को पांच फीसदी की आफत!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। सूबे के टाइगर रिजर्व के जिप्सी संचालक अब अपनी जिप्सी 15 साल तक बेरोक-टोक संचालित कर सकते हैं। इस आशय के आदेश वन विभाग ने टाइगर रिजर्व के समस्त क्षेत्र संचालकों के लिए जारी कर दिए हैं। मगर पर्यटकों के लिए एक बुरी खबर यह भी है कि एक अक्टूबर से नेशनल पार्क और चिड़ियाघरों के प्रवेश शुल्क में 5 फीसदी की वृद्धि भी की जा रही है, यानि 120 से डेढ़ सौ रुपए तक प्रवेश शुल्क में बढ़ोतरी होगी।**

इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं प्रभारी मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक अतुल श्रीवास्तव ने अपने आदेश में कहा है कि में टाइगर रिजर्व के अंतर्गत संचालित पंजीकृत पर्यटक वाहन (जिप्सी) की समय-सीमा 10 वर्ष से बढ़कर 15 वर्ष होगी। बशर्ते जिप्सी की वर्तमान स्थिति अच्छी हो एवं संबंधित वाहनों का बीमा, पंजीकरण और फिटनेस आदि समस्त दस्तावेज जीवित होना चाहिए। वन विभाग के इस निर्णय से करीब 1300 जिप्सी संचालकों को लाभ पहुंचेगा।

अफसर का कहना है कि करोना कल से ही पर्यटक जिप्सी संगठनों द्वारा यह मांग की जा रही थी कि जब परिवहन नियमों के अंतर्गत एक वाहन को 15 वर्ष तक परिवहन को इजाजत देती है, तब वन विभाग जिप्सी के समय-सीमा 10 वर्ष तय किया जाना अनुचित है। जिप्सी संचालकों ने अपना ज्ञापन वन मंत्री डॉ विजय शाह को भी सौंपा था। 3 वर्ष के लंबे चिंतन-मंथन के बाद अब जाकर वन विभाग यह निर्णय ले सका है।


फाइल फोटो

### पंजीकृत जिप्सी

| | |
|---|---|
| बांधवगढ़ | 253 |
| कान्हा | 247 |
| पेंच | 270 |
| सतपुड़ा | 246 |
| पन्ना | 74 |
| संजय डूबरी | 7 |

### प्रवेश शुल्क में 5% वृद्धि-

वन्य प्राणी प्रेमी पर्यटकों के लिए टाइगर रिजर्व में सफारी करने के लिए पिछले वर्ष की तुलना में 5त्न राशि अधिक देनी पड़ेगी। होटल व्यवसाय के दबाव में वन विभाग ने पिछले 5 सालों से प्रवेश शुल्क में कोई वृद्धि नहीं की थी. जबकि देश के सभी टाइगर सफारी में प्रवेश शुल्क में बढ़ोतरी कर दी गई थी। हालांकि अफसर का तर्क है कि प्रवेश शुल्क में मामूली वृद्धि की गई है। नया प्रवेश शुल्क अक्टूबर से लागू होने की संभावना है।

### आरएसके ने लगाई फटकार

# एक साल बाद भी पूरी नहीं हो सकी टैबलेट खरीदी की प्रक्रिया


फाइल फोटो

## प्रदेश में 56 हजार शिक्षकों ने अब भी नहीं खरीदे टेबलेट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
स्कूल शिक्षा विभाग की करीब एक साल से चल रही टेबलेट खरीदी की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। विभाग द्वारा कई बार आदेश जारी होने के बाद भी अब तक प्रदेश के करीब 56 हजार शिक्षकों ने टेबलेट नहीं खरीदे हैं। जिस पर राज्य शिक्षा केंद्र ने फटकार लगाई है।

राज्य शिक्षा केंद्र ने इसको लेकर सभी जिलों के कलेक्टरों को आदेश जारी किए है। जारी आदेश में राज्य शिक्षा केंद्र संचालक ने कहा है कि सत्र 2022-23 में प्राथमिक कक्षा में अध्यापन कराने वाले शेष प्राथमिक एवं नवनियुक्त प्राथमिक शिक्षकों के लिये टेबलेट क्रय करने एवं टेबलेट की राशि प्रतिपूर्ति के संबंध में समस्त कार्यवाही 31 जूलाई 2023 तक पूर्ण की जानी थी, लेकिन टेबलेट प्रतिपूर्ति के माडयूल का विश्लेषण करने पर यह पाया गया है कि आज दिनांक तक लगभग 56000 शिक्षकों के द्वारा टेबलेट क्रय संबंधित कार्यवाही नहीं की गई है। आरएसके ने कार्यवाही 30 सितम्बर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। अन्यथा की स्थिति में संबंधितों की जवाबदेही निर्धारित करने की बात भी कही है।

### यात्रा का आज नया रूटमैप अमल में आया

# सीएम शिवराज के क्षेत्र में जनआर्शीवाद यात्रा लेकर पहुंच रहे केंद्रीय मंत्री तोमर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**
भारतीय जनता पार्टी की मप्र में जारी जन आशीर्वाद यात्रा को शुरू हुए बीस दिन होचुके हैं। अब आज से इसका नया रूटमैप भी अमल में आया है। इसमें केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के इलाके में सभा करेंगे तो मुख्यमंत्री जबलपुर में होंगे। आज चार यात्राओं में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, भूपेंद्र यादव, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित पार्टी पदाधिकारी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसमें विंध्य क्षेत्र की पृथ्वीपुर विधानसभा के दिगौड़ा से प्रारंभ हुई है। इसके बाद यात्रा बम्होरी, जेवरा, पृथ्वीपुर, ओरछा और निवाडी पहुंचेगी। यात्रा में केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव शामिल रहेंगे। इसी तरह महाकोशल क्षेत्र की जनआर्शीवाद यात्रा जबलपुर जिले के आधारताल से प्रारंभ होगी। यात्रा बड़ा पत्थर, रांझी, हनुमान होटल, बडा फहारा एवं हाउसिंग बोर्ड पहुंचेगी। इसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल रहेंगे।



### इंदौर: सोनकच्छ विस से यात्रा की शुरुआत

भाजपा ने इंदौर संभाग की जन आशीर्वाद यात्रा की शुरूआत देवास जिले के सोनकच्छ विधानसभा क्षेत्र से की है। इस यात्रा सोनकच्छ, नेवरी, लोहर्दा, सतवास एवं कन्नाद पहुंचेगी। यात्रा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा शामिल रहेंगे, जबकि मालवा क्षेत्र की यात्रा सीहोर जिले के बकतरा से प्रारंभ हो रही है। शाहगंज, बाया, रेहटी, भेदसा और भेरूदा पहुंचेगी। यात्रा में केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव अभियान समिति के प्रदेश संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर शामिल रहेंगे।

# नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 अक्टूबर तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
जवाहर नवोदय स्कूल में कक्षा 9वीं और 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसकी आखिरी तारीख 31 अक्टूबर है। आवेदन फॉर्म नवोदय विद्यालय समिति के एडमिशन पोर्टल के माध्यम से भरे जाएंगे। यह प्रवेश परीक्षा 10 फरवरी 2024 को सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी। कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में हिन्दी, अंग्रेजी, गणित और विज्ञान के बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। प्रश्नपत्र द्विभाषीय होगा और उत्तर ओएमआर शीट में अंकित करने होंगे। इसी प्रकार कक्षा



11वीं में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में मानसिक अभिरूचि, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। प्रश्नपत्र द्विभाषीय होगा। उत्तर ओएमआर शीट में अंकित करने होंगे।

**छात्र जान सकेंगे संस्थान की एक्टिविटी: भोपाल.** नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के अंडर ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट कोर्सेज में दाखिले के लिए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट 3 दिसंबर को प्रस्तावित है। पहले कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज ने परीक्षा देने वाले छात्रों को कैंपस देखने व संस्थान की एक्टिविटी जानने का अवसर दिया है।

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन में पंजीयन 25 सितंबर तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** स्कूली छात्रों की विज्ञान के प्रति रूचि जाग्रत करने के उद्देश्य से विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। विज्ञान भारती की ओर से आयोजित इस विज्ञान मंथन के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसमें कक्षा 6वीं से 11वीं तक के स्टूडेंट्स हिस्सा ले सकते हैं। प्रतिभागी 25 सितंबर तक रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। विद्यार्थी विज्ञान मंथन की प्रारंभिक परीक्षा 29 और 30 अक्टूबर 2023 को होगी। ऑनलाइन होने वाली यह परीक्षा सुबह 10 बजे शुरू होगी। विद्यार्थी विज्ञान मंथन के प्रदेश संयोजक डॉ राकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि राज्य स्तरीय परीक्षा नवंबर-दिसंबर 2023 में होगी। वहीं, राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा 18 और 19 मई 2024 को होगी।






### मेट्रो एंकर | 2019-20 में 94 करोड़ रुपए के खिलौने दो बार खरीदे थे

# आंगनबाड़ियों में खिलौना नहीं: आयोग ने प्रमुख सचिव को दिए जांच के निर्देश, रिपोर्ट भी तलब

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
मप्र मानव अधिकार आयोग ने आंगनबाड़ियों केन्द्रों पर बच्चों को खेलने के लिए खिलौने नहीं मिलने के मामले में संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल-विकास विभाग, मंत्रालय, भोपाल को जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने आंगबाड़ियों के बच्चों के लिये खिलौनों की व्यवस्था के संबंध में की गई कार्यवाही के बारे में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि भोपाल शहर में संचालित हो रहें 1872 आंगनबाड़ियों केन्द्रों पर बच्चों को खेलने के लिये खिलौने नहीं मिल रहे। इससे पहले प्रदेश मे 2019-20 में 94 करोड़ रुपए के खिलौने दो बार खरीदे थे। इसके बावजूद आंगनबाड़ियों में बच्चों के खेलने के लिये खिलौने नजर नहीं आ रहे हैं।




### 35 मरीजों ने रैन बसेरो में तोड़ा दम, करंट से युवक की मौत, आयोग ने मांगा जवाब

हमीदिया अस्पताल भोपाल में इलाज के लिये आने वाले बेसहारा मरीजों के इलाज के अभाव में मौत हो जाने का मामला सामने आया हैं। अस्पताल के डॉक्टर्स एवं स्टाफ मरीज का नाम होने के बावजूद भी उसे लावारिस बताकर रैन बसेरो मे भेज देते हैं, जहां मरीज तड़प-तड़प कर दम तोड़ देते हैं। बीते एक माह में 35 लोंगो ने इन रैन बसेरो में दम तोड़ चुके हैं। मामले में संज्ञान लेकर मानव आयोग ने आयुक्त, स्वास्थ्य सेवाऐं, संचालनालय भोपाल से प्रकरण की जांच कराकर की गई कार्यवाही के बारे में तीन सप्ताह में जवाब मांगा हैं। साथ ही पूछा है कि इन रैन बसेरो में रह रहे व्यक्तियों से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जानकारी के लिये क्या कोई व्यवस्था है के संबंध में भी स्पष्ट प्रतिवेदन दें। इसके साथ ही आयोग ने एक निजी कॉलेज में मजदूरी कर रहे युवक की करंट लगने से मौत के मामले में जिला श्रम अधिकारी, भोपाल से प्रकरण की जांच कराकर मृतक के वैध वारिसों को देय आर्थिक प्रतिकर राशि प्रदाय के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही के बारे में तीन सप्ताह में जवाब मांगा है।

# बढ़ता ई-कचरा स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिये खतरा

**सुविचार**

''मैंने कभी भी किसी अपने को खुद से दूर नहीं किया बस जिसका दिल भरता गया वो खुद हमसे दूर होता गया।''

– अज्ञात

l ikndh;

## बेतुके फैसलों से बिगड़ता संतुलन

अपनी तकलीफ व भावनाओं को संयत शब्दों में व्यक्त करना गलत या गुनाह तो नहीं माना जा सकता,मगर अभिव्यक्ति के विविध आयामों से जुड़ी एक जानी-मानी मणिपुरी अभिनेत्री सोमा लैशराम के साथ कुछ ऐसा ही हो रहा है। हाल में खबर आई कि एक स्थानीय सिविल सोसायटी ऑर्गनाइजेशन कांगलीपाक कानबा लुप ने उन पर तीन साल का बैन लगाने की घोषणा की है। यह कई लिहाज से चिंताजनक भी है और सरकार द्वारा इस पर तत्काल संज्ञान लेने की जरूरत भी है। सोमा लैशराम कोई अनजान नाम नहीं है बल्कि वह 150 से ज्यादा मणिपुरी फिल्मों में काम कर चुकी हैं और कई पुरस्कारों से नवाजी जा चुकी हैं। स्वाभाविक ही उन्हें दिल्ली में तालकटोरा स्टेडियम में पिछले दिनों हुए नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स फेस्टिवल में मणिपुर की नुमाइंदगी के लिए आमंत्रित किया गया था। यह ऐसा सांस्कृतिक आयोजन था, जिसमें सभी नॉर्थ ईस्ट राज्यों की जानी-मानी हस्तियों को बुलाया गया था। इस मंच के जरिए अपने राज्य के लोगों की भावनाएं प्रकट की। उन्होंने कहा- मणिपुर में संकट के बारे में संवाद करना और बोलना मेरी ज़िम्मेदारी है और मैंने इस मंच को चुना। तो क्या यह बोलकर सोमा लैशराम ने कोई गुनाह किया? उक्त बैन लगाने वाली संस्था का कहना है कि उसने फिल्म एक्टर्स गिल्ड मणिपुर और सार्वजनिक अपीलों व व्यक्तिगत अनुरोध के जरिए भी उनसे इस कार्यक्रम में शामिल न होने को कहा था लेकिन सवाल यह है कि आखिर इस अपील या अनुरोध का आधार क्या है। मणिपुरी फिल्म उद्योग की संस्था इस बैन को हटवाने का प्रयास कर रही हैं। मगर यदि मणिपुर का कोई कलाकार मणिपुर से बाहर किसी मंच पर यदि पूरे राज्य की पीड़ा का जिक्र करता है तो उसे राज्य के किसी भी समुदाय के हितों या भावनाओं के खिलाफ कैसे माना जा सकता है? वैसे भी दो राय नहीं कि मणिपुर पिछले मई से जिस तरह की हिंसा और नफरत के दौर से गुजरा है, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और तकलीफदेह है। इन घटनाओं ने वहां के समाज में आपसी प्यार और विश्वास के ज्यादातर पुल ध्वस्त कर दिए हैं, यह बात भी मानी जा सकती है। लेकिन इन वजहों से राज्य के बाहर देश की राजधानी में हो रहे एक कार्यक्रम में शिरकत कर राज्य की पीड़ा बयान करने और वहां शांति लाने की अपील करने पर किसी अभिनेत्री को बैन करने की घोषणा का तुक क्या है। गौरतलब है कि जब राज्य में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच दूरी बहुत ज्यादा बढ़ी हुई मानी जा रही थी, तभी राज्य के टीनेज खिलाड़ियों ने अंडर 16 साउथ एशियन फुटबॉल फेडरेशन चैंपियनशिप का खिताब दिलाकर न केवल देश का मान बढ़ाया बल्कि मैतेई-कुकी मेल की भी मिसाल पेश की। इस टीम के 23 में से 16 खिलाड़ी मणिपुर के थे जिनमें 11 मैतेई और 4 कुकी समुदाय के थे। खास बात यह कि फाइनल मुकाबले में जीतना वाला एक गोल भरत लैरेंजम (मैतेई) ने और एक लेविस जैंगमिनलुन (कुकी) ने किया। इस जीत के साथ ही महत्वपूर्ण यह है, खिलाड़ी भावना। जहां सभी को बराबर सम्मान होता है और एकदूसरे की परवाह भी। जाहिर है कि जीत से उभरे उत्साह ने कुछ पलों के लिए मैतेई और कुकी समुदायों के बीच आई दूरियों को भुला तो दिया होगा। तो फिर जो काम इन लड़कों ने अपने खेल से किया, वही काम सोमा लैशराम भी करना चाहती थीं। जरूरत इस बात की है कि मणिपुर ही नहीं देशभर में इस तरह की कोशिशों को रफ्तार दी जाए जिससे शांति,सद्भाव की भावना प्रबल हों।

**ललित गर्ग**





लगातार बढ़ रहा ई-कचरा न केवल भारत के लिये बल्कि समूची दुनिया के ब?ा पर्यावरण, प्रकृति एवं स्वास्थ्य खतरा है। ई-कचरा से तात्पर्य उन सभी इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल उपकरणों (ईईई) तथा उनके पार्ट्स से है, जो उपभोगकर्ता द्वारा दोबारा इस्तेमाल में नहीं लाया जाता। ग्लोबल ई-वेस्ट मानिटर-2020 के मुताबिक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का पांचवां सबसे ब?ा ई-वेस्ट उत्पादक है। चूंकि इलेक्ट्रिक्ल और इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बनाने में खतरनाक पदार्थों (शीशा, पारा, कैडमियम आदि) का इस्तेमाल होता है, जिसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव प?ता है। दुनियाभर में इस तरह से उत्पन्न हो रहा ई-कचरा एक ज्वलंत समस्या के रूप में सामने आ रहा है। पारा, कैडमियम, सीसा, पॉलीब्रोमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स, बेरियम, लिथियम आदि ई-कचरे के जहरीले अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होते हैं इन विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने पर मनुष्य के हृदय, यकृत, मस्तिष्क, गुर्दे और कंकाल प्रणाली की क्षति होती है। इसके अलावा, यह ई-वेस्ट मिट्टी और भूजल को भी दूषित करता है। ई-उत्पादों की अंधी दौ? ने एक अन्तहीन समस्या को जन्म दिया है। शुद्ध साध्य के लिये शुद्ध साधन अपनाने की बात इसीलिये जरूरी है कि प्राप्त ई-साधनों का प्रयोग सही दिशा में सही लक्ष्य के साथ किया जाये, पदार्थ संयम के साथ इच्छा संयम हो।

आज दुनिया के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं, जिसमें से ई-वेस्ट एक नई उभरती विकराल एवं विध्वंसक समस्या भी है। दुनिया में हर साल 3 से 5 करो? टन ई-वेस्ट पैदा हो रहा है। ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर के मुताबिक भारत सालाना करीब 20 लाख टन ई-वेस्ट पैदा करता है और अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद ई-वेस्ट उत्पादक देशों में 5वें स्थान पर है। ई-वेस्ट के निपटारे में भारत काफी पीछे है, जहां केवल 0.003 मीट्रिक टन का निपटारा ही किया जाता है। यूएन के मुताबिक, दुनिया के हर व्यक्ति ने साल 2021 में 7.6 किलो ई-वेस्ट डंप किया। भारत में हर साल लगभग 25 करो? मोबाइल ई-वेस्ट हो रहे हैं। ये आंक?ा हर किसी को चौंकाता है एवं चिंता का ब?ा कारण बन रहा है, क्योंकि इनसे कैंसर और डीएनए डैमेज जैसी बीमारियों के साथ कृषि उत्पाद एवं पर्यावरण के सम्मुख गंभीर खतरा भी ब? रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, ई-कचरे से निकलने वाले जहरीले पदार्थों के सीधे संपर्क से स्वास्थ्य जोखिम हो सकता है।

दुनिया भर में इलेक्ट्रॉनिक कचरे के ब?ने की सबसे ब?ी वजह इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की तेजी से ब?ती खपत है। आज हम जिन इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों को अपनाते जा रहे हैं उनका जीवन काल छोटा होता है। इस वजह से इन्हें जल्द फेंक दिया जाता है। जैसे ही कोई नई टेक्नोलॉजी आती है, पुराने को फेंक दिया जाता है। इसके साथ ही कई देशों में इन उत्पादों के मरम्मत और रिसायक्लिंग की सीमित व्यवस्था है या बहुत महंगी है। ऐसे में जैसे ही कोई उत्पाद खराब होता है लोग उसे ठीक कराने की जगह बदलना ज्यादा पसंद करते हैं। साल 2021 में डेफ्ट यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलाजी द्वारा किए गए सर्वेक्षण में फोन बदलने का सबसे ब?ा कारण साफ्टवेयर का धीमा होना और बैटरी में गिरावट रहा। दूसरा ब?ा कारण, नये फोन के प्रति आकर्षण था। कंपनियों की मार्केटिंग और दोस्तों द्वारा हर साल फोन बदलने की आदतों से भी प्रभावित होकर भी लोग नया फोन ले लेते हैं, जबकि इसकी जरूरत नहीं होती। इस वजह से भी ई-कचरे में इजाफा हो रहा है। एक अन्य आंक? के मुताबिक अगर साल 2019 में उत्पादित कुल इलेक्ट्रॉनिक कचरे को रिसायकल कर लिया गया होता वो करीब 425,833 करो? रुपए का फायदा देता। यह आंक?ा दुनिया के कई देशों के जीडीपी से भी ज्यादा है।

यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी की ओर से जारी 'ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर 2020 रिपोर्ट के मुताबिक साल 2019 में दुनिया में 5.36 करो? मीट्रिक टन ई-कचरा पैदा हुआ था। अनुमान है कि साल 2030 तक इस वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक कचरे में तकरीबन 38 प्रतिशत तक वृद्धि हो जाएगी। अब आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह समस्या कितनी ब?ी है और आने वाले समय में यह और कितना ब?ने वाली है। बात अगर दिल्ली की करें तो यहां हर साल 2 लाख टन ई-कचरा पैदा होता है। हालांकि, इसे वैज्ञानिक और सुरक्षित तरीके से हैंडल नहीं किया जा रहा है। इससे आग लगने जैसी कई जानलेवा घटनाएं हो चुकी हैं, जो दिल्ली के निवासियों और कू?ा उठाने वालों के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसी क्रम में अभी हाल ही में दिल्ली सरकार ने घोषणा की है कि दिल्ली में भारत का पहला ई-कचरा इको-पार्क खोला जायेगा। 20 एक? में बनने वाले इस पार्क में बैटरी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल और पीसी से अनूठे एवं दर्शनीय चीजों को निर्मित किया जायेगा। इसी क?ी में कानपुर में ई-वेस्ट प्रबंधन का एक बेहतरीन मॉडल सामने आया है। यहां जयपुर के एक कलाकार ने ई-वेस्ट से 10 फीट लंबी मूर्ति बनाई है। इसे बनाने में 250 डेस्कटॉप और 200 मदरबोर्ड, केबल और ऐसी अनेक खराब इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का इस्तेमाल किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट का जिक्र किया था। उन्होंने लोगों से आह्वान किया था कि पर्यावरण को बचाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक-कचरे का प्रभावी प्रबंधन करना होगा। गौरतलब है कि भारत में साल 2011 से ही इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रबंधन से जु?ा नियम लागू है। बाद में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा ई-कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016 लागू किया गया था। इस नियम के तहत पहली बार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माताओं को विस्तारित निर्माता जिम्मेदारी के दायरे में लाया गया। नियम के अंतर्गत उत्पादकों को ई-कचरे के संग्रहण तथा आदान-प्रदान के लिये उत्तरदायी बनाया गया है और उल्लंघन की स्थिति में दंड का प्रावधान भी किया गया है। अगर आप चाहते हैं कि ई-वेस्ट को कम किया जाए, तो इसके लिए जरूरी है कि चीजों की रिसाइक्लिंग की जाए। किसी पुराने मोबाइल या कंप्यूटर आदि को रिसाइकल किया जाए और इनका फिर से इस्तेमाल हो। कई लोग या कंपनियां अपने पुराने लैपटॉप, कंप्यूटर या मोबाइल को वेस्ट कर देते हैं, जो ई-वेस्ट के रूप में सामने आते हैं। लेकिन आप ऐसे में इसे किसी जरूरतमंद को दे सकते हैं। इसके लिये लायंस क्लब इन्टरनेशनल-डिस्ट्रिक-321-ए ने अनूठी एवं अनुकरणीय पहल करते हुए ई-अवशेषों एवं वेस्ट को एकत्र कर रही है। अन्य जनसेवी संस्थाएं भी ऐसे सराहनीय उपक्रम कर रही है, आप ऐसे किसी एनजीओ या किसी छोटी कंपनी आदि को पुराने मोबाइल, लैपटॉप आदि दे सकते हैं। जरूरत तो इस बात की है कि आपको अपने पुराने मोबाइल, लैपटॉप, कंप्यूटर आदि को तब तक इस्तेमाल करना चाहिए, जब तक यह संभव हो सके।

भारत सरकार ई-कचरे के निपटारे के लिए प्रबंधन नीति लाई थी, लेकिन वह कारगर नहीं साबित हुई और अब रिसाइकल इंसेंटिव के साथ नई नीति ला रही है। ताकि ई-निर्माण इकाइयां ई-वेस्ट का रिसाइकल करने और पर्यावरण बचाव के प्रति जवाबदेह हो सकें। मौजूदा समय देश में यह काम बड़े स्तर पर असंगठित क्षेत्र द्वारा किया जाता है, जहां ई-वेस्ट का निपटारा गलत एवं अवैज्ञानिक तरीकों से किया जा रहा है। सरकार ने ई-कचरा (प्रबंधन) नियम-2022 अधिसूचित किया है, जो प्रत्येक विनिर्माता, उत्पादक, रिफर्बिसर, डिस्मैंटलर और ई-वेस्ट रिसाइकलर पर लागू होगा। ई-वेस्ट अर्थात इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को लेकर केंद्र सरकार सख्त है और इसे लेकर केंद्र सरकार ने नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। दिशानिर्देशों के अनुसार अब जो भी ई-वेस्ट पैदा करेगा उन्हें उसे नष्ट करने की जिम्मेदारी भी उठानी होगी। नए नियमों के तहत इस जिम्मेदारी को न उठाने वालों से सख्ती से निपटा भी जाएंगा, जिसमें उन्हें जुर्माना और जेल दोनों ही भुगतना करना पड़ सकता है। इसके अलावा ई-वेस्ट के दायरे को भी बढ़ा दिया गया है, जिसमें 21 वस्तुओं की जगह अब 106 वस्तुओं को शामिल किया गया है, जिसमें मोबाइल चार्जर से लेकर घरों में इस्तेमाल की जाने वाली सभी छोटी-बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल चीजें शामिल हैं।

## निशाना

### आंख था दिखाया !



बढ़ रहा टकराव।
आंख था दिखाया।।
उगल रहे वो ज़हर।
स्वार्थ है समाया।।
है दना दन निर्णय।
दिया है झुकना छोड़।।
पिस जाएगी जनता।
जो फंसे इस मोड़।।
होगा करना बंद लेकिन।
ठान लिया जो रार।।
पर अपनी सुरक्षा पर।
सहन नहीं प्रहार।।
बने फिर व्यवहार।
निकले समाधान।।
बेमतलब का किंतु।
क्यों छेड़ा ये तान?

– कृष्णेन्द्र राय

## आज का इतिहास

- 1789 - अमेरिकी कांग्रेस ने पोस्टमास्टर जनरल के कार्यालय को अधिकृत किया।
- 1792 - फ्रांस गणराज्य की स्थापना की घोषणा हुई।
- **1903** – अमेरिकी नागरिक इटालो मार्चिओनी को आइसक्रीम कोन के लिए एक पेटेंट दिया गया।
- **1914** – मद्रास बंदरगाह पर जर्मन युद्धपोत इम्देन ने बमबारी की।
- **1949** – सोवियत संघ ने पहला परमाणु बम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- **1955** – ब्रिटेन में टेलीविजन का व्यावसायीकरण शुरू हुआ। इसमें प्रत्येक घंटे सिर्फ छह मिनट ही विज्ञापन के प्रसारण की अनुमति दी गयी और रविवार सुबह में इसे चलाने की इजाजत नहीं थी।
- **1961** – अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने शांति कोर की स्थापना के लिये कांग्रेस के अधिनियम पर हस्ताक्षर किए।
- **1966** – अमेरिकी यान 'सर्वेयर 2' चंद्रमा की सतह से टकराया।
- **1977** – अमेरिकी फुटबॉल टीम पेले के नेतृत्व में दो प्रदर्शनी मैच खेलने कलकत्ता (अब कोलकाता) पहुंची।
- **1980** – ईरान और इराक के बीच जारी सीमा संघर्ष युद्ध के रूप में परिवर्तित हुआ।
- **1988** – कनाडा की सरकार ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान और कनाडा के नागरिकों की नजरबंदी के लिए माफी मांगी और मुआवजा देने का भी वादा किया।
- **1992**– संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बोस्निया और हर्जेगोविना के बीच युद्ध में भूमिका के लिए यूगोस्लाविया को निष्कासित किया।

# नए आंकड़ों से नई नीति तक, आर्थिक विकास पर इसलिए नहीं बन रही एक राय

**पीएस वोहरा**

**आर्थिक विकास पर एक राय इसलिए नहीं बन पा रही, क्योंकि विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित आंकड़े पुराने हैं। लिहाजा नए आंकड़ें हों, तभी बात बनेगी।**

दिसंबर, 2021 में जब भारत ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ते हुए विश्व में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का मुकाम हासिल किया, तब से हर भारतीय को भविष्य के प्रति निश्चितता तो महसूस होने लगी, पर वैश्विक स्तर पर एक नंबर गेम की दौड़ भी शुरू हो गई। फिर प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले के प्राचीर से भारत को एक विकसित मुल्क में बदलने के लिए वर्ष 2047 तक की समय सीमा की बात रखी।

जाहिर है, इस दौरान देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ाना आर्थिक नीतियों का मुख्य मकसद होगा। अभी देश में प्रति व्यक्ति जीडीपी करीब 2,300 अमेरिकी डॉलर है, जबकि चौथे पायदान वाले जर्मनी में यह 48,000 और तीसरे पायदान वाले जापान में 33,000 डॉलर के आसपास है। जीडीपी के आकार में भारत से पिछड़ चुके इंग्लैंड में प्रति व्यक्ति आय आज भी हमसे 20 गुना से ज्यादा है। पिछले दो-तीन दशकों से भारतीयों के जीवन स्तर में बहुत बदलाव आए हैं। इसके बावजूद अगर भारत के आर्थिक विकास के मामले में एक राय नहीं बन पा रही, तो इसका मुख्य कारण आर्थिक विकास से संबंधित विभिन्न सर्वेक्षणों, रिपोर्टों आदि के अद्यतन या नवीनतम रूप का उपलब्ध न होना है। असंगठित क्षेत्र पर



निर्भर रहने वाले व्यक्तियों की संख्या तथा उनके आर्थिक जीवन स्तर से संबंधित उपलब्ध आंकड़े करीब 13 वर्ष पुराने हैं। जबकि राष्ट्रीय आय का करीब 50 फीसदी हिस्सा असंगठित क्षेत्र के रोजगारों के माध्यम से उपलब्ध होता है। लेकिन जब आंकड़े एक दशक से अधिक पुराने हों, तो असंगठित क्षेत्र की वर्तमान स्थिति को कैसे समझा जाए? कृषि क्षेत्र पर निर्भर व्यक्तियों से संबंधित सर्वेक्षण भी पुराने हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था की बागडोर लंबे अरसे से सेवा क्षेत्र के कंधों पर है। लेकिन इससे संबंधित सर्वेक्षण वर्ष 2011 का है, जबकि पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में अनगिनत परिवर्तन देखने को मिले हैं।

एक अन्य अचंभित करने वाली बात यह है कि मुद्रास्फीति की गणना के तौर-तरीके भी तर्कसंगत नहीं हैं। भारतीय रिजर्व बैंक सदैव उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को मुख्य आधार बनाकर चलता है और उसमें भी खाद्य पदार्थों की वेटेज तुलनात्मक रूप से बहुत अधिक है। मौसमी सब्जियों के मूल्य में उतार-चढ़ाव महंगाई दर को अधिक प्रभावित करते हैं, पर कच्चे तेल के मूल्य में हुए परिवर्तन विश्व स्तर पर बहुत अधिक प्रभावित नहीं करते।

ऐसे ही, पिछले एक दशक में स्वास्थ्य सुविधाओं तथा शिक्षा के मामले में निजी क्षेत्र के प्रति समाज का आकर्षण बढ़ा है। और बच्चों की ट्यूशन पर होने वाला खर्च तो महंगाई के किसी भी तरीके के आंकड़े में शामिल ही नहीं है। यह बात भी अचंभित करती है कि गेहूं के मूल्य में हुए बदलाव महंगाई बढ़ाते हैं, दूसरी तरफ सरकारी आंकड़ों में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज वितरित भी किया जाता है।

गौर करने वाली बात यह है कि प्रति व्यक्ति उपभोग तथा खरीदारी के तरीकों का देश में अंतिम बार सर्वेक्षण 2011-12 में हुआ था। क्या पिछले एक दशक में भारतीयों की खरीदारी के तौर-तरीकों में कोई बदलाव नहीं हुआ है? हमारे देश की जनसंख्या के आंकड़े भी 12 वर्ष पुराने हैं, जिसके कारण हम आर्थिक विकास में प्रति व्यक्ति अंशदान की वर्तमान वास्तविक स्थिति से अवगत नहीं हो पा रहे। पिछले समय में हुए कुछ बदलाव अब स्थायी रुख अख्तियार कर चुके हैं। स्टार्ट-अप्स स्थापित हो चुके हैं। मनोरंजन उद्योग में भी पुराने सिनेमाघर को पीवीआर ने बदला तथा अब ओटीटी के प्लेटफॉर्म ने भी अलग जगह बना ली है। ऑनलाइन खरीदारी हमारी आदत में शुमार हो गई है, सोशल मीडिया ब्रांडिंग का एक मुख्य टूल बन गया है और हर मध्यवर्गीय परिवार अपने प्रत्येक सदस्य के लिए मोबाइल की खरीदारी को मुख्य प्राथमिकता देता है। नोटबंदी के बाद यूपीआई के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से होने वाले आर्थिक लेन-देन तथा लगातार बढ़ रहा जीएसटी संग्रह सबको आकर्षित कर रहे हैं।

ऐसे में, विकसित होने की राह पर चलने के लिए अब जरूरत सिर्फ इस बात की है कि अर्थव्यवस्था से संबंधित सभी तरह के आर्थिक सर्वेक्षणों की नवीनतम जानकारी उपलब्ध हो तथा उसके आधार पर आर्थिक नीतियां विकसित की जाएं।

**साभार :** ये लेखक के अपने विचार हैं।

### अत: क्षेत्रीय स्तर पर इस संबंध मे सभी को अवगत कराना आवश्यक है

# बाल संरक्षण एवं चाइल्ड हेल्प लाइन अंतर्गत पर्यवेक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मिशन वात्सल्य अंतर्गत 21 सितंबर को रेवा सभा कक्ष में बाल संरक्षण एवं चाइल्ड हेल्प लाइन के संचालन के संबंध में पर्यवेक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाल संरक्षण अधिकारी विजय प्रताप सिंह चौहान, द्वारा नवीन व्यवस्था अंतर्गत चाइल्ड हेल्प लाइन का संचालन जिला बाल संरक्षण इकाई के माध्यम से किये जाने की जानकारी देते हुए चाइल्ड हेल्प लाइन में आने वाले प्रकरणो एवं उनके त्वरित समाधान के बारे में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया को समझाया गया। साथ ही चाइल्ड हेल्प लाइन के माध्यम से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रकरण हेतु संबंधित विभागों यथा- शिक्षा, स्वास्थ्य पुलिस एवं अन्य से आवश्यक सहयोग प्राप्त करना आवश्यक है। अतः क्षेत्रीय स्तर



पर इस संबंध मे सभी को अवगत कराना आवश्यक है।

बाल संरक्षण अधिकारी आशु पटेल द्वारा बाल संरक्षण के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि मिशन वात्सल्य की नवीन गाइडलाइन अनुसार देखरेख एवं संरक्षण वाले बालको हेतु स्पांशसशिप के प्रावधानो, पात्रता एवं प्रकरणों के संबंध में सामाजिक जांच रिपोर्ट तैयार किये जाने के संबंध में जानकारी दी गयी। साथ ही श्री पटेल द्वारा किशोर न्याय अधिनियम एवं लैगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम पर विस्तृत जानकारी दी गयी। दत्तक ग्रहण नियम अंतर्गत अनाथ, अभ्यर्पित, परित्यक्त बच्चो के देश के अंदर एवं अर्तदेशीय दत्तक ग्रहण नातेदारी दत्तकग्रहण एवं सौतेले माता-पिता द्वारा दत्तक ग्रहण तथा भावी दत्तक माता-पिता की योग्यता एवं प्रक्रिया के संबंध में जानकारी प्रदाय की गयी। प्रशिक्षण में श्री व्ही.पी. गौर, सहायक संचालक एवं जिले के समस्त पर्यवेक्षक, महिला एवं बाल विकास उपस्थित रहे।



# जिला निर्वाचन अधिकारी ने इटारसी में किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने गुरुवार को इटारसी में तहसील कार्यालय अंतर्गत निर्वाचन शाखा एवं इटारसी के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। सबसे पहले कलेक्टर श्री सिंह तहसील इटारसी कार्यालय पहुंचे उन्होंने यहां निर्वाचन शाखा में मतदान केंद्रों पर फॉर्म नंबर 6 (मतदाताओं के नाम अधिक जोड़े गए हैं) तथा फॉर्म नंबर 7 (मतदाताओं के नाम अधिक काटे गए हैं) की जांच की। इस दौरान उन्होंने खुद ऑनलाइन आवेदनों को ओपन कर उनके निराकरण की स्थिति देखी।

इसके बाद कलेक्टर ने मतदाता सूची में अधिक एवं कम नाम जोड़ने वाले केंद्रो का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम मेहरागांव के मतदान केंद्र क्रमांक 236, 237 तथा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री अंतर्गत मतदान केंद्र 238,239 का अवलोकन किया। साथ ही संबंधित बीएलओ से चर्चा कर प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने विद्यालय क्रमांक 1 ऑर्डिनेंस फ़ैक्टरी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पाठ्य पुस्तक वितरण एवं साइकिल वितरण की जानकारी ली। उन्होंने स्कूल प्राचार्य को निर्देशित किया कि साइकिल वितरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम इटारसी श्रीमती नीता कोरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'हम भारत के नागरिक बिना किसी प्रलोभन के करेंगे मतदान'

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

एस.डी.ए.एम. महाविद्यालय में गुरुवार को वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। छात्र-छात्राओ ने ÷मतदान की जरूरत क्यों '' विषय पर पक्ष व विपक्ष ने अपने अपने विचार रखे। महाविद्यालय के रजिस्ट्रार राजेश कुशवाह ने बताया कि देश और राज्य के प्रशासन को सही हाथों में देने के लिए मतदान करना अति आवश्यक ÷हम भारत के नागरिक बिना किसी प्रलोभन के करेंगे मतदान÷ उन्होंने कर्मठ नेता को देश का उद्धारक तथा स्वार्थी नेता को देश का विनाशक बताया। हमें शिक्षित, नीतिवान तथा समानता का भाव रखने वाले जनप्रतिनिधि चुनने चाहिए। मताधिकार से हमारे भीतर समानता का भाव विकसित होता है,

# सोहागपुर जनपद पंचायत सीईओ की लॉग बुक गायब

## डीजल के नाम पर लाखों का घपला होने की आशंका, सोनी के कार्यकाल की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर में पदस्थ रहे मुख्यकार्य पालन अधिकारी सोनी के अधिकृत शासकीय वाहन की वर्ष 2020-21की लॉग बुक कार्यालय से गायब है। जब सूचना के अधिकार के अंतर्गत सोहागपुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की वर्ष 2020-21 एवं 2022-23 की लॉग बुक की प्रति चाही गई तो वह प्राप्त न होने के कारण राज्य सूचना आयोग में अपील दर्ज करानी पड़ी।

जहां वर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा आयोग को अवगत कराया गया है कि तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोनी वर्ष 2020-21 की लॉग बुक जमा करके नहीं गए हैं इसलिए आवेदक को उक्त वर्ष की लॉग बुक देना संभव नहीं है।

### वाहन पर लाखों रुपए खर्च किए और हिसाब गायब

प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सोहागपुर के सोनी द्वारा सरकारी मद से कार्यालयीन वाहन पर लाखों रुपए खर्च किए गए यह वाहन कहां-कहां उपयोग किया गया इसकी जानकारी सिर्फ लॉक बुक द्वारा ही मिल सकती है लेकिन दफ्तर से जब लॉग बुक गायब है तो हिसाब मिलने का कोई प्रश्न नहीं होता। सीधे स्पष्ट शब्दों में कहा जाए तो उक्त वर्ष में सी ई ओ द्वारा वाहन के डीजल बिल आदि के नाम पर लाखों रुपए का घपला किया है। इसकी जांच होना अनिवार्य है। सूत्रों से पता चला है कि सोहागपुर में पदस्थी के दौरान सोनी द्वारा अपने कर्तव्यों का भी समुचित रूप से पालन नहीं किया गया है। उनके कार्यकाल में ग्राम पंचायत में जितने भी काम हुए हैं उन में भ्रष्टाचार की मात्रा का समावेश अधिक दिखाई देता है। कुछ ग्रामीणों का कहना तो यहां तक है कि सोहागपुर जनपद पंचायत के इतिहास में आज दिनांक तक इतना बढ़ा भ्रष्टाचार करने वाला अधिकारी कोई नहीं आया। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी रोजगार के तहत मशीनों से कम हुआ है मजदूर के नाम पर फर्जी मस्टरोल निकाले गए।

# मक्का की खराब हुई फसलों को देखने पहुंचे जनप्रतिनिधि



**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

ग्रामीण क्षेत्र में बीते दिनों तेज हवा के साथ हुई बारिश के कारण मक्का की फसल आड़ी हो गई। फसलों के नुकसान को देखने के लिए जनप्रतिनिधि पहुंचे। ग्राम अमलड़ा कला में फसलों की निरीक्षण किया गया इस मौके पर ग्राम अमलडा के किसानों के साथ जिला जनपद सदस्य एवं कृषि जिला समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह मंडलोई सांसद प्रतिनिधि संदीप सिंह तंवर एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बी एल उमरिया के साथ अमलाडा में फसलों का निरीक्षण किया जिसमें मक्का की फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है और फसल को देखकर लगता है कि भुट्टो में सिर्फ छोते ही बचे हैं और दाने तक नहीं बैठा है और पूरी फैसले सूखने लगी है। एक माह तक वर्षा न होना और फिर अचानक बरसात आने से फसलों में तावड़े पड़ जाने की वजह से यह स्थिति बनी। ग्रामीणों के साथ और भी अन्य लोगों ने अपने-अपने खेतों के नुकसान के विषय में बताया फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाने के कारण किसानों में मायूसी देखी गई एवं सभी किसानों ने मिलकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से क्षतिपूर्ति मुआवजा एवं बीमा राशि क्लेम दिलवाने के लिए मांग की हवा पानी के कारण जो फसल आड़ी हुई इसके कारण यह नुकसान हुआ है कृषि समिति के सभापति अजीत मंडलोई ने बताया कि सभी क्षेत्रों में नुकसान एवं कृषि सभी ग्रामों का सर्वे किया जाए एवं शिकायत ना हो ऐसी व्यवस्था की जाए फरीदपुर बावडीया भाऊ नवलगाव, चौकीमाफी, साहपुर, अमलाडा कला, अमलाडा खुर्द, लीलाड़िया, टी टी नगर, गुंज घाट के किसानों के खेतो मै मौक़े पर जाकर निरीक्षण किया।

# केंद्रीय विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**



नगर पालिका परिषद एवं केंद्रीय विद्यालय के द्वारा शासन के निर्देश अनुसार 10 सितंबर 2023 से 16 सितंबर 2023 तक आगामी विधानसभा चुनाव हेतु स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें मतदाता जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन केंद्रीय विद्यालय सिवनी मालवा में किया गया। जिसमें 18 वर्ष की आयु से अधिक आयु के नागरिक को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए एवं अपना मतदान करने के लिए जागरूक किया गया जिसमें केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य पवन ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल भलावी उपयंत्री राहुल शर्मा निर्वाचन स्वीप गतिविधि प्रभारी महेंद्र परिहार राजस्व निरीक्षक अमरसिंह उईके मुकेश गोगिया शिक्षक रोहित ठाकुर एवं छात्र छात्रों के द्वारा मतदान करने एवं मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए साथ ही अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया।

# संयुक्त राजस्व आयुक्त ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**नर्मदापुरम।** राज्य निर्वाचन आयोग मध्य प्रदेश भोपाल एवं कार्यालय प्रमुख राजस्व आयुक्त मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार संयुक्त राजस्व आयुक्त राजीव नंदन



श्रीवास्तव ने विधानसभा 136 सिवनीमालवा के मतदान केंद्र क्रमांक 70 एवं 72शासकीय प्राथमिक कन्या शाला बानापुरा, मतदान केंद्र क्रमांक 74 वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कार्यालय सिवनीमालवा मतदान केंद्र क्रमांक 75 वन अधिकारी कार्यालय सिवनी मालवा, मतदान केंद्र क्रमांक 79 नगर पालिका डे केयर सेंटर भवन सिवनी मालवा तथा मतदान केंद्र क्रमांक 86 अनुसूचित जनजाति आदिवासी छात्रावास सिवनी मालवा का निरीक्षण किया। उन्होंने इन मतदान केंद्रों पर फॉर्म नंबर 6( मतदाताओं के नाम अधिक जोड़े गए हैं) तथा फॉर्म नंबर 7( मतदाताओं के नाम अधिक काटे गए हैं) की जांच की गई एवं भौतिक सत्यापन किया गया जांच में कार्य संतोष जनक पाया गया। निरीक्षण के समय अनुविभाग अधिकारी राजस्व सिवनीमालवा अनिल कुमार जैन, तहसीलदार राकेश खजूरिया , राजस्व निरीक्षक सुमित भाटी एवं सभी बीएलओ उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** | मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने टवेरा गाड़ी से गांजा व आरोपी को पकड़ा

# पुलिस ने टवेरा गाड़ी से 15 किलो गांजे की तस्करी करते हुए आरोपियों को पकड़ा

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

इस समय नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में अवैध धंधों का कारोबार फल फूल रहा है अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते क्षेत्र में गो तस्करी रेत चोरी जुआ सट्टा शराब गांजा तस्करी जैसे अवैध कारोबार अपने चरम पर है और प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि ध्रष्टराज की तरह हाथ पर हाथ धरे बैठकर देख रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर शिवपुर पुलिस ने टवेरा गाड़ी से 15 किलो गांजा सहित आरोपी को पकड़कर सराहनीय कार्य किया है। पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम के निर्देशन एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी के



मार्ग दर्शन मे अवैध मादक पदार्थ तस्करो के विरुद्ध लगातार कारवाही के दौरान थाना शिवपुर को सुचना मिली थी की सिवनी मालवा से पगढाल के रास्ते कुछ तस्कर टवेरा गाड़ी से भारी मात्रा में गांजा लेकर छीपानेर की और जाने वाले है।मुखबिर की सूचना पर शिवपुर थाना प्रभारी विवेक यादव द्वारा पुलिस द्वारा दो टीम गठित कर अलग अलग रास्तो पर गाड़ी का इन्तजार कर मौके पर पकड़ा गया। थाना प्रभारी विवेक यादव ने बताया कि आरोपी दीपक उर्फ़ कालिया पिता लालचंद कहार 34 साल नाला मोहल्ला रिलाइयंस टावर के पास सिवनी मालवा आकाश बिलगये पिता महादेव बिलगये जाती छिपा 28 साल राम नगर बैतूल अरुण पिता राम प्रकाश मालवीय उम्र 35 साल निवासी दो पीपल बाबा कॉलोनी सिवनी मालवा से 15 किलो मादक पदार्थ गांजा जिसकी कीमत करीब 3 लाख और एक टवेरा गाड़ी कीमती 5 लाख रूपये, 3 मोबाइल जप्त कर आरोपियों को न्यायलय पेश किया।

थाना प्रभारी विवेक यादव अमर सिंग मालवीय आशीष तिरोल्या कमलेश मंडलोई राजेश आरक्षक महेंद्र गुर्जर अमर तंवर, नरेंद्र राजपूत गौरी शंकर सुनील जाट की अहम भूमिका रही




### हुई तीखी नोकझोंक, कांग्रेस पार्षद ने कहा कि भाग जाते हैं अध्यक्ष

# नगर पालिका अखाड़े का मैदान परिषद की बैठक में हुआ हंगामा

**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**

गुरुवार को नगर पालिका परिषद के परिषद हाल में परिषद की बैठक आयोजित हुई जो हंगामेदार हुई विकक्ष का काम तो वैसे ही विरोध करना होता है। लेकिन सत्ता पक्ष के कई पार्षदों ने भी अपनी बात नहीं सुनने के गंभीर आरोप लगाए विवाद की जड़ परिषद की बैठक में पुलिस को बुलाने को लेकर शुरू हुई जो चंद्र मिनट में ही अखाड़े का मैदान बन गई। 5 मिनट के अंदर ही नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोसाईनाथ बैठक में से उठकर जाने लगे और बोले के सारे प्रस्ताव पास हो गए और अपने पक्ष के पार्षदों को वोट कर चलने का इशारा करते हुए नजर आए इसके बाद भाजपा के कई पार्षद बैठक छोड़कर चले गए इसी बीच भाजपा के कुछ पार्षद और कांग्रेस के पार्षद जमकर भड़ास निकालते हुए नजर आए विवाद का कारण बैठक प्रारंभ होते ही हुआ इसी दौरान जैसे ही अजंता पढ़ने के लिए पूर्व नगर पालिका प्रभारी अधिकारी बालमुकुंद कुशवाहा ने एजेंडा उठाया तो सत्ता पक्ष के पार्षद अजमेर शेरखान ने उनको ठोकते हुए कहा कि सबसे पहले यहां पर पुलिस क्यों बुलाई दूसरा कहा कि जब 15 पार्षद सत्ता के हैं फिर पुलिस की क्या जरूरत थी साथ उन्होंने कहा कि मैं कई बार बैठकों में बोल चुका हूं की बैठक हाल में राष्ट्रपति ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहानसत्ता की तस्वीर लगाई जा उसके बाद ही बैठक शुरू हो इस बात को लेकर आगे हाथ किया तो उन्होंने श्री कुशवाहा पर हाथ झड़कने के आप भी लगाए हैं इसके बाद आज मैं शेर खान ऑल बबूला हो गए और जमकर बरस निकलते हुए नजर आए दोनों के बीच में तीखी नोंक झोंक भी बैठक के दौरान देखने को मिली इसी बीच कांग्रेस के पार्षद नदीम खान ने नगर पालिका कम और अध्यक्ष से जमकर नोक झोक करते हुए कहा कहा कि जब शहर के विकास की बात कर रहे हैं तो जो एजेंट हम लोगों ने दिया था पहले उसे पर चर्चा की जाए फिर बैठक में अन्य विषयों पर चर्चा होगी हर बार बैठक में चोर की तरह चले जाते हैं भ्रष्टाचार नहीं कर रहे हैं तो बैठक में चर्चा से क्यों भागते हैं चंद्र मिनट में ही बैठक को क्यों समाप्त कर दिया किस चीज का डर है उंगली दिखाते हुए अध्यक्ष से बात कर रहे हैं पार्षद टॉस बड़ी पंक्ति ने कहा कि जब राज्य शाखा नगर पालिका कार्यालय में चलती थी उसको दूसरे के क्यों संचालित किया गया हमारी बात क्यों नहीं सुनी जा रही है एक नातेदार से नगर पालिका डर रही है किसके दबाव में हमारी बात को अर्चना किया जा रहा है पर भी जमकर चिल्ला चोट करते हुए दिखाई दे रहे हैं इसी बीच कम ऊपर भी कई परसाधों ने अपनी सुनवाई नहीं होने बढ़ास निकले तो वह भीबैठक कब से बाहर आ गए सबसे पहले सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई पार्थ ने पुलिस को बुलाने पर सीएमओ को जमकर खरी खोटी भी सुनाई तो सीएमओ ने पुलिस को बैठक कब से बाहर जाने की बात कह कर मामले को संभालने की कोशिश की पर मामला संभाल नहीं पाया इसी बीच अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने एजेंट के अनुसार सभी प्रस्ताव पास होने की बात कह कर बैठक खत्म करने की बात कही है विपक्ष के पार्षद और सत्ता पक्ष जो पार्षद विरोध कर रहे थे उन्होंने कहा कि कोई बैठक नहीं हमने कोई साइन नहीं की है इस बैठक में जो भी प्रस्ताव रखे गए हैं उनका हम समर्थन भी नहीं करते हैं।









अध्यक्ष के सीधे होने करण बिगड़ रहे हैं हालत - नगर पालिका परिषद की जिम्मेदारी जब से सीधे-साधे पार्षद मनमोहन साहू को अध्यक्ष की कुर्सी बिठाया गया तभी से हालात सुनने की जगह पर नगरपालिका के बिगड़ते ही जा रहे हैं अधिकांश अधिकारी कर्मचारी अपनी मनमानी से कम कर रहा है सत्ता पक्ष के कई पार्षद पार्षद इन पर कई तरह का आरोप लगाते रहते हैं विपक्ष के पर सत्य वैसे ही गंभीर आरोप लगा रहे हैं और किसी और के सारे पर काम करने के आप भी कई बार लगा चुके हैं इसी तरह के हालात रहे तो शहर के विकास कैसे होगा इसको ठीक करने के लिए सभी को मिलकर ध्यान देना होगा जनता के काम भी नहीं हो पा रहे हैं।



#### इनका कहना है

बैठक के लिए बुलाई गई पुलिस का विरोध किया है हमारी पार्टी के 15 पार्षद एक साथ है तो पुलिस का क्या काम उसका विरोध किया था जब सीएमओ ने पुलिस को वापिस भेज दिया एवं मे ने केई बार अध्यक्ष उपध्याक्ष एव सीएमओ से गुहार लगा चुका हूँ कि नगरपालिका परिषद हाल में हमारे देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की एक साल होने के बाद भी तस्वीरें नहीं लगीं है पहले इन लोगों की तस्वीरें लगवाएं फिर परिषद की बैठक की कार्यवाही शुरू की जाए लेकिन बालमुकुंद कुशवाहा को मेने रोका तो मेरे हाथ पकडकर छटक दिया चुने हुए पार्षद के साथ ऐसा बर्ताव निंदनीय है।

**अजमल शेर खांन**
भाजपा पार्षद वार्ड नं 5

विपक्ष का काम आरोप लगाना होता है बैठक हुई सारे प्रस्तावों भी पास हुए हैं हम शहर के विकास के लिए लगातार कम कर रहे हैं , विकास भी हो रहा है। सभी के आरोप झूठे हैं सब की सुनवाई होती है हमने कहा था कि पहले प्रस्तावों पर चर्चा हो जाए फिर जिसके जो सुझाव है उन पर बात करेंगे पर कोई तैयार नहीं हुआ इसलिए जल्दी बैठक खत्म कर दी ।

**मनमोहन साहू**,नगर पालिका अध्यक्ष

पहले मैं पार्षद मेरी पत्नी भी पास रही कवि नगर पालिका बैठक में पुलिस नहीं आई इस नगर पालिका में हमारी भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है राय शाखा पहले अंदर लगती थी उसको अलग क्यों किया विरोध करने पर बैठक को बिना चर्चा के खत्म कर दिया हमने कोई साइन नहीं कि हम बैठक को नहीं मानते।

**तोषमंणी पंथी**,पार्षद बीजेपी

बैठक से पहले एजेंडा दिया जाता है उसे पर चर्चा की हम मांग की थी पर चर्चा करने से पहले ही चोर की तरह अध्यक्ष भाग जाते हैं जब शहर का विकास कर रहे हैं तो चर्चा से क्यों भाग रहे हैं भ्रष्टाचार का बोलबाला है किसी की कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

**नदीम खान**,पार्षद कांग्रेस

**पुलिस बुलाने पर विपक्ष, के साथ सत्ता पक्ष के पार्षद भी भड़के**

**उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम विरोध करना है विकास नहीं, मनमोहन साहू**

शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस बुलाई थी बैठक कक्ष में पुलिस नहीं थी बैठक में जो भी प्रस्ताव रखे थे उनको पास कर दिया है मुझे पता नहीं था कि इस तरह का हंगामा भी बैठक में यहां होता है।

जयंत वर्मा,सीएमओ

## क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने किया शिक्षकों से संवाद

**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**



क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने बुधवार को निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल पहुँचकर शाला परिवार के शिक्षकों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल के मैनेजर फादर एंटोनी, प्राचार्या सिस्टर एंजलिन एवं स्टॉफके साथ विद्यालय के नवीन भवन किंडर-गार्डन एवं खेल मैदान का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों से आम संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे शैक्षणिक जीवन में यदि कोई शिक्षक एक अक्षर का भी ज्ञान हमें प्रदान कर देता है तो हम उसके दिये गये ज्ञान रूपी ऋण से कभी उऋण नहीं हो सकते हैं। शिक्षक महान होता है और वही हमें इस संसार में मानवता का पाठ पढ़ाता एवं सिखाता है। इस समाज में हम अपना जीवन कैसे जियें इसकी सीख भी वह हमें देता है। इस पृथ्वी पर माता-पिता के बाद यदि कोई पूजनीय एवं वंदनीय है तो वह शिक्षक ही है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षक वह महान व्यक्ति है जो बच्चों के भबिष्य का निर्माता होता है उससे शिक्षा प्राप्त करके हम आइ.ए.एस., कलेक्टर, इंजीनियर एवं वैज्ञानिक जैसे बड़े बड़े पद प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित शिक्षकों का परिचय प्राप्त कर विभिन्न विषयों पर आधारित वेसिक जानकारी पर चर्चा भी की। स्कूल के मैनेजर फादर एंटोनी एवं प्राचार्या सिस्टर एंजलिन ने विधायक उमाकांत शर्मा का साल, श्रीफल एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक गण उपस्थित थे। विधायक ने भी किया फादर सिस्टर का सम्मान - इस अवसर पर विधायक श्री शर्मा ने भी अपनी ओर से संतों के सम्मान की परंपरा निभाते हुए एवं शिक्षा जैसे पवित्र कार्य में अपना सब कुछ छोड़कर लगे हुए मैनेजर फादर एंटोनी एवं प्राचार्या सिस्टर एंजलिन का साल श्रीफल एंव पटका भेंट कर स्वागत किया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक अनुकरणीय कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया।

## जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जन आक्रोश यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक हुई आयोजित

**सिरोंज ,दोपहर मेट्रो**



जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जन आक्रोश यात्रा की तैयारियों को लेकर सिरोंज लटेरी विधनसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओ की बैठक एक निजी गार्डन में आयोजित की गई। जिसमे कांग्रेस कार्यकर्ताओ को यात्रा के संबंध में दिशा निर्देश दिए और कार्यकर्ताओ को यात्रा को सफल बनाने के लिए दायित्व सौंपे । ज्ञात रहे की मध्य प्रदेष कांग्रेस कमेटी द्वारा संपूर्ण मध्य प्रदेश में जन आक्रोश यात्रा निकाली जा रहीं है जो मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव के नेतृत्व में कुरवाई से होते हुए आगामी 30 तारीख को सिरोंज में प्रवेश करेगी। व छत्री चौराहे से कस्टम पथ मुख्य बाजार से होते हुए नए बस स्टैंड पर एक आम सभा का आयोजन किया जायेगा। इस बीच में कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया जायेगा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन आक्रोश यात्रा के विदिशा जिला प्रभारी सुरेंद्र ठाकुर सहित जिला सह प्रभारी अमित शर्मा,जिला अध्यक्ष राकेश कटारे, संघठन महामंत्री मोहित रघुवंशी ने संबोधित किया इस दौरान देवी सिंह बघेल विनोद सेन सुरेश यादव आदि कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक में शामिल रहे।

## लिंक रोड की नहीं होती प्रतिदिन सफाई, नागरिक परेशान

**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका की सफाई व्यवस्था भी लाचार होती जा रही शहर की मुख्य सड़कों की भी प्रतिदिन साफसफाई नहीं होने से वहां पर कचरे के ढेर लगे रहते हैं। इन दोनों मवेशियों का जमावड़ा भी लगा रहता है इसकी वजह से दुकानदारों को भी ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।दुकानों के बाहर मवेशियों के द्वारा गोबर कर दिया जाता है। उसको समेटने के लिए दुकानदारों को काफी देर तक परेशान होना पड़ता है ।क्योंकि सुबह मुख्य सड़कों की सफाई भी नहीं हो रही मंडी बाईपास रोड से लेकर लिंक रोड पर इस तरह की तस्वीर आमतौर पर देखने को मिल जाती है । जबकि यहां से विभिन्न क्षेत्रों को आने-जाने का रास्ता है। यातायात का दावा भी रहता है फिर भी इन सड़कों की नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं करवाई जा रही है

**मेट्रो एंकर** | जिम्मेदार बेखबर विधायक के निर्देश के एक वर्ष बाद भी बासौदा नाके की सड़क पर नहीं हुआ नाला निर्माण, रहवासी परेशान

# बासौदा नाके की मुख्य सड़क पर जगह-जगह गड्ढे कीचड़ का अंबार



**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**

आए दिन विवादों में रहने वाली सिरोंज नगर पालिका परिषद अपने कारनामों के कारण हर दिन चर्चा का विषय बनी रहती है। शहर की सड़कें वद से बद्तर स्थिति में है, लेकिन नेता राजनीति करने में लगे हुए। एक तरफजहां सरकार विकास यात्रा निकालकर किए गए विकास कार्यों का वाचन कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ शहर की प्रमुख सड़कें बदहाली पर अपने आंसू बहा रही हैं। बासौदा तिराहे स्थित सड़क पर गड्ढे एवं कीचड़ के कारण स्थानीय रहवासी परेशान हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर दिन मंदिर जाते समय इसी कीचड़ एवं गंदे पानी से होकर निकलना पड़ता है। बार-बार शिकायत के बावजूद भी नपा के जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

सड़क के बीचो-बीच गहरे गड्ढे होने के कारण कई बार बहन अचानक गड्ढे में आने के कारण हादसे का शिकार हो जाते हैं आए दिन दो पहियावन इन गधों के कारण गिर जाते हैं कई बार इन गड्ढों में गिरने के कारण गंभीर चोट भी लग चुकी है। इसको लेकर स्थानीय लोग प्रशासन से भी शिकायत कर चुके हैं लेकिन प्रशासन हर बार झूठे आश्वासन देकर अपना पल्ला झाड़ लेता है। सड़कों की बदहाली सिर्फवार्ड नंबर एक आलावा कस्टम पथ स्थित मुख्य सड़क जो शहर की सबसे व्यस्ततम सड़क है। इसी सड़क से होकर क्षेत्र कई गांव से आने वाले एवं शहर के लोग बाजार के लिए निकलते हैं। नगर की मुख्य सड़क होने के कारण दिनभर वाहनों एवं आम लोगों का आवागमन रहता है। करीब 300 मीटर की इस सड़क पर हजारों की तादाद में गड्ढे हो चुके हैं। इन गड्ढों के कारण बारिश में कीचड़ एवं पानी से परेशान है तो वही धूप निकलते ही धूल मिट्टी से लोग परेशान हो रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि इतनी खराब स्थिति है बावजूद इसके अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

विधायक के निर्देश के एक साल बाद भी नहीं बन सका नाला - पिछले वर्ष हुई तेज वर्षा के कारण लोगों के घरों में पानी भर गया था। शहर में बाढ़ की स्थिति बन गई थी उस समय स्थानीय अधिकारियों के साथ विधायक उमाकांत शर्मा ने वार्ड नंबर 1 बासौदा नाके की इस सड़क का अवलोकन किया था। अवलोकन के दौरान उन्होंने देखा था की नाला नहीं होने की वजह से पानी जमा हो रहा जिसको लेकर उन्होंने तत्कालीन सीएमओ एवं एसडीएम को तत्काल उक्त जगह पर नाला निर्माण एवं उचित सड़क व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। 1 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी नपा प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। यही कारण है कि अब हालात वद से बद्तर होते जा रहे हैं।



#### विधायक के निर्देश के बाद भी काम नहीं हो रहा है

शहर की मुख्य सड़कों की यह स्थिति है तो अन्य वार्डों के अंदर गलियों में क्या स्थिति होगी इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। स्थानीय रहवासी प्रिंस त्यागी ने बताया कि लगातार शिकायत एवं विधायक के निर्देश के बाद भी स्थानीय अधिकारियों ने ना तो नाला निर्माण करना उचित समझा और ना ही पानी निकासी के लिए कोई और व्यवस्था करने की कार्यवाही की। जिसकी वजह से हम लोग महीनों से परेशान हो रहें हैं। उनका कहना कि जब विधायक के कहने पर काम नहीं हो रहा है तो आम जनता की क्या सुनवाई नगर पालिका में हो रही होगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। वार्ड पार्षद ने लगाया नपा परिषद पर भ्रष्टाचार का आरोप - वार्ड नंबर 1 के पार्षद रामदयाल विश्वकर्मा ने नगर पालिका परिषद पर आरोप लगाते हुए कहा कि परिषद सिर्फपैसा कमाने में व्यस्त हैं। यह लोग धरातल पर कोई काम नहीं कर रहे हैं। यही कारण है कि शहर के युवाओं ने विगत दिनों पूर्व नगर में आई विकास यात्रा को काले झंडे दिखाये थे। इसके बावजूद भी इन लोगों ने अभी तक कोई सीख नहीं ली है, और इस तरह के कार्य कर रहे हैं। मेरे द्वारा परिषद की बैठकों में कई बार इस सड़क के मुद्दे को लेकर चर्चा की गई है, लिखित में भी शिकायत की है लेकिन नपा परिषद हर बार झूठा आश्वासन देकर अपना पल्ला झाड़ रही है। जल्दी हम वार्ड वासियों के साथ नपा का घेराव करेंगे।

#### इनका कहना है

सड़क किनारे नाली निर्माण नहीं होने के कारण स्थानीय लोगों के घरों का पानी सड़क पर कई महीनो से निकल रहा है। जिसकी वजह से सड़क नाले में तब्दील हो गई है आए दिन हादसे हो रहे, लगातार शिकायत की जा रही है इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

**शैलेंद्र रघुवंशी**,स्थानीय रहवासी

मैं आज ही स्वयं मौके पर पहुंच कर सारी व्यवस्था देखूंगा। यदि नाली या अन्य कोई समस्या है तो उसको व्यवस्थित कराया जाएगा, सड़क को भी दुरुस्त करेंगे।

**जयंत वर्मा**,सीएमओ नपा सिरोंज

# वर्ल्ड कप की टीम इंडिया का 'फाइनल रिहर्सल'




आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

साल 2011 के बाद से आईसीसी के खिताबी सूखे को खत्म करने की आस में घरेलू सरजमीं पर होने वाले 2023 वनडे वर्ल्ड के लिए टीम इंडिया का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीरीज टीम का फायनल रिहर्सल नजर आ रहा है। दोनों टीमों के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज का आगाज आज मोहाली में होने वाले पहले मैच से होगा। एशिया कप में अपनी पूरी ताकत से शिरकत करने वाली रोहित सेना ने एकतरफा अंदाज में चैंपियनशिप जीतने से देशप्रेमियों की उम्मीद मिशन 2023 वर्ल्ड कप को लेकर जाग उठी है। अगर हम ऑस्ट्रेलिया टीम के साथ होने वाली वनडे सीरीज पर गौर करें,तो फिर यह बात साफ साफ नजर आती है कि टीम इंडिया के प्रयोग अब भी जारी हैं।दरअसल वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा होने के बावजूद कुछ खिलाड़ियों की चोट के साथ ऑफ स्पिनर को लेकर टीम मैनजमेंट और चयनकर्ताओं के जहन कुछ आशंकाएं अभी भी बाकी हैं।एशिया कप के फायनल में अक्षर पटेल के चोटिल होने पर वाशिंगटन सुंदर को रातों रात श्रीलंका बुलाना यही साबित करता है कि फिरकी कॉम्बिनेशन को लेकर प्रयोग इस सीरीज का सबसे बड़ा रिहर्सल हो सकता है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के साथ होने वाले तीनों वनडे मैचों के लिए वाशिंगटन सुंदर के साथ वेटेरन अश्विन को भी मौका दिया गया है।रविचंद्रन अश्विन की फील्डिंग भले ही सुंदर को रेस में आगे कर सकती है, लेकिन अगर वर्ल्ड कप के मैचों में फिरकी मददगार पिच बनाई जाती हैं तो फिर अश्विन पर ही दांव खेला जा सकता है। यह देखना दिलचस्प रहेगा कि ऑस्ट्रेलिया टीम के खिलाफ कौनसे ऑफ स्पिनर को ज्यादा आजमाया जाता है।वहीं अगर हम टीम इंडिया के चौथे क्रम के बल्लेबाज की पहेली की बात करें तो फिर एशिया कप में ईशान किशन और के एल राहुल की बल्लेबाजी ने काफी हद तक भले यह उलझन को सुलझा दिया हो, लेकिन इनके विकल्प यानी श्रेयष अय्यर की फिटनेस की वजह से सूर्यकुमार यादव के साथ तिलक वर्मा और ऋतुराज गायकवाड़ को अपनी काबलियत साबित करने का मौका इस सीरीज में मिलेगा।वैसे वाशिंगटन सुंदर, अश्विन,तिलक वर्मा और ऋतुराज गायकवाड़ में से कोई भी खिलाड़ी फिलहाल वर्ल्ड कप की टीम इंडिया का हिस्सा नहीं है लेकिन अगर ऑस्ट्रेलिया के साथ होने वाली सीरीज में इनमें से कोई भी खिलाड़ी अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहता है तो फिर डेढ महीने तक चलने वाले वर्ल्ड कप में उसके लिए मौका मिलना तय होगा। इसकी सबसे बड़ी वजह लंबे चलने वाले वर्ल्ड कप में टीम इंडिया के खिलाड़ियों के चोटिल और फिटनेस संबंधी आशंका भी है। शुरुआती 2 वनडे में कप्तान रोहित शर्मा समेत 5 प्रमुख खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में मिलने वाले मौके के बाद आखिरी वनडे में काफी हद तक इस रिहर्सल के रिजल्ट भी मिल जायेंग।मतलब साफ है कि मजबूत ऑस्ट्रेलिया के साथ होने वाले तीसरे और आखिरी वनडे में वही टीम इंडिया मैदान में नजर आने वाली है, जिसके कंधों पर 2023 वर्ल्ड कप के खिताब की उममीद टिकी होगी।

### 24 सितंबर से एशियाड का ऑफिशियल पहला दिन शुरू होगा

# एशियन गेम्स के 19वें सीजन की शुरुआत 23 सितंबर से



**हांगझोऊ, एजेंसी**

**एशियन गेम्स के 19वें सीजन की शुरुआत 23 सितंबर से हो रही है। चीन के हांगझोऊ शहर में 8 अक्टूबर तक गेम्स होंगे। क्वालिफिकेशन मैच 19 सितंबर से ही शुरू कर दिए गए। 23 सितंबर को ओपनिंग सेरेमनी के बाद 24 सितंबर से एशियाड का ऑफिशियल पहला दिन शुरू होगा।**

भारत 1951 में पहली बार हुए एशियाड से ही गेम्स का हिस्सा रहा है। तब नई दिल्ली ने ही मेजबानी की थी। इस बार भी भारत के 655 प्लेयर्स 40 स्पोर्ट्स में हिस्सा लेंगे। इस स्टोरी में हम एशियाड में भारत के अब तक के प्रदर्शन पर नजर डालेंगे। जानेंगे कि देश को किन स्पोर्ट्स में सबसे ज्यादा मेडल मिले और किन प्लेयर्स ने देश को सबसे ज्यादा गोल्ड दिलाए हैं।

## भारत ने सभी 18 एशियाड में हिस्सा लिया

1951 में पहली बार नई दिल्ली में एशियन गेम्स का आयोजन हुआ। तब से हर 4 साल में गेम्स होते आ रहे हैं। आखिरी बार 2018 में इंडोनेशियन के जकार्ता ने मेजबानी की थी। इस बार गेम्स 2022 में होने वाले थे, लेकिन कोरोना वायरस महामारी के कारण इन्हें एक साल पोस्टपोन कर इस साल आयोजित करवाया गया।
18 एशियाड में भारत ने कुल 672 मेडल जीते हैं। इनमें 155 गोल्ड, 201 सिल्वर और 316 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। ओवरऑल रैंक में भारत 5वें नंबर पर हैं। चीन (1473), जापान (1032), साउथ कोरिया (745) और ईरान (179) ने भारत से ज्यादा गोल्ड जीते हैं। इसीलिए उनकी रैंक भारत से ज्यादा है। कजाकिस्तान ने भारत के बराबर 155 गोल्ड जीते हैं।

## मेडल टैली में कभी टॉप नहीं कर सका भारत

अब तक हुए 18 एशियन गेम्स में भारत कभी भी मेडल टैली में टॉप पर नहीं रहा। 1951 में पहले ही एशियाड में देश 15 गोल्ड जीतकर दूसरे नंबर पर रहा था। इसके बाद भारत कभी टॉप-2 पोजिशन पर नहीं आ सका। लेकिन 17 में से 16 बार देश मेडल टैली के टॉप-10 में ही रहा। 1990 में देश ने एक ही गोल्ड जीता था, तब हम 11वें नंबर पर रहे थे। 2018 के पिछले एशियाड में भारत ने 70 मेडल जीते थे। इनमें 16 गोल्ड, 23 सिल्वर और 31 ब्रॉन्ज शामिल रहे। देश मेडल टैली में 8वें नंबर पर रहा, लेकिन इससे पहले भारत ने इतने ज्यादा मेडल कभी नहीं जीते थे। बता दें लिएंडर पेस ने टेनिस में भारत को 5 गोल्ड दिलाए हैं, उनके नाम 3 ब्रॉन्ज मेडल भी हैं। उन्होंने महेश भूपति और सानिया मिर्जा के साथ डबल्स और मिक्स्ड डबल्स में भी भारत को कामयाबी दिलाई है। शूटर जसपाल राणा के नाम 4 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज हैं। उन्होंने 1994 में अपना पहला मेडल जीता।

### एथलीट्स के सबसे ज्यादा मेडल

भारत ने अब तक 32 अलग-अलग खेलों में मेडल जीते हैं। इनमें 18 खेल ऐसे हैं जिनमें देश को कम से कम एक गोल्ड मेडल तो मिला ही है। एथलीट्स ने देश को सबसे ज्यादा 79 गोल्ड, 88 सिल्वर और 87 ब्रॉन्ज सहित 254 मेडल दिलाए हैं। देश को इस बार भी एथलीट्स से बहुत ज्यादा उम्मीदें हैं। रेसलिंग में भारत को 11 गोल्ड समेत कुल 59 मेडल मिले हैं। शूटिंग, कबड्डी, टेनिस और बॉक्सिंग में देश को 9-9 गोल्ड मेडल मिले हैं। कबड्डी के मेंस और विमेंस कैटेगरी में अब तक 11 इवेंट हुए, भारत ने इनमें 9 गोल्ड जीते। एक-एक बार देश को सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल मिला। स्नूकर में भारत को 5 गोल्ड मिले हैं, वहीं फील्ड हॉकी में देश के नाम 4 गोल्ड, 11 सिल्वर और 6 ब्रॉन्ज मेडल हैं। फुटबॉल ने भारत को 2 गोल्ड और एक ब्रॉन्ज दिलाया है।

### भारतीय कोच ने किया सूर्यकुमार यादव के चयन का बचाव

# अश्विन हमारे प्लान से बाहर नहीं हैं: द्रविड़

**मेलबर्न, एजेंसी**



भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे सीरीज से पहले सूर्यकुमार यादव के चयन का बचाव किया है। अश्विन के चयन पर द्रविड ने कहा- मैं यह नहीं कहूंगा कि यह उसके (अश्विन के लिए) लिए ट्रायल या कुछ और है, हमें उनका लेवल पता है। यह उसके पास वनडे खेलने का मौका है और हम बस उसे दो या तीन मैच खेलने का मौका देना चाहते हैं। कोच ने कहा कि अश्विन की कैलीवर के गेंदबाज को ट्रायल पर नहीं रखा जाता, जबकि सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ी को वर्ल्ड कप टीम में अपनी जगह की चिंता करने की जरूरत नहीं है। कोच ने अनुभवी स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन और वॉशिंगटन सुंदर को वर्ल्ड कप प्लांस का हिस्सा बताया और कहा- अश्विन-सुंदर को अक्षर पटेल के संभावित विकल्प के रूप में टीम में जगह दी गई है और अगर अक्षर जांघ की चोट से उबरने में नाकाम रहते हैं, तो इन दोनों में से किसी एक को टीम में जगह मिल सकती है। इस सीरीज को अश्विन-सुंदर के बीच ट्रायल के तौर पर देखा जा रहा है, हालांकि कोच अश्विन जैसे खिलाड़ी के लिए ट्रायल शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहते हैं। अगर हमारे पास अश्विन जैसा खिलाड़ी है, तो किसी के चोटिल होने पर हम और किस पर भरोसा कर सकते हैं।



## मेट्रो बाजार

# बढ़ती शक्कर की कीमतों को कंट्रोल में रखने सख्ती की हो रही तैयारी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अब शक्कर व्यापारियों को हर हफ्ते सोमवार को अपने स्टॉक की जानकारी अनिवार्य रूप से देनी होगी। सरकार ने रिटेल मार्केट में शक्कर की कीमतों को कंट्रोल में रखने और जमाखोरी से निपटने नोटिफिकेशन के जरिए यह आदेश जारी किया। नोटिफिकेशन में कहा गया कि शुगर के ट्रेडर/होलसेलर, रिटेलर, बिग चेन रिटेलर और प्रोसेस करने वालों को उनके पास जमा शक्कर के स्टॉक की लेटेस्ट जानकारी 'फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन' के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से देनी होगी। यह व्यवस्था पूरी तरह से डिजिटल है। इससे हर तरह की जमाखोरी और सट्टेबाजी पर लेन-देन में रोक लगेगी। इससे शक्कर के मार्केट को सुचारु रूप से चलाने में मदद करेगा। पोर्टल पर रियल-टाइम डेटा रहने के चलते स्टॉक की सही जानकारी सरकार के पास होगी। इससे कीमतों के बढ़ने से जुड़ी अफवाहों को कम किया जा सकेगा। साथ ही जरूरत पड़ने पर इसके लिए फैसला लेने में भी मदद मिलेगी। सरकार ने मंथली कोटा के नियमों और जरूरी कानूनों का पालन करने के लिए चीनी मीलों से कहा है। नियम नहीं मानने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीनी की कीमतों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी के बावजूद देश में इसकी खुदरा कीमतें स्थिर हैं। फिलहाल घरेलू स्टॉक में मौजूदा जरूरतों के लिए और आने वाले फेस्टिवल सीजन के लिए शक्कर के स्टॉक में कोई कमी नहीं है। अगस्त 2023 में हुए 83 लाख मीट्रिक टन का प्रोडक्शन और अक्टूबर 2023 में पेराई होने के बाद चीनी का स्टॉक काफी बेहतर हो जाएगा। इसके अलावा सरकार ने डोमेस्टिक बिक्री कोटा की पहली किश्त भी जारी कर दी है। इसे चीनी मिलें अभी से ही बेचना शुरू कर सकती हैं।



# मोटोरोला एज-40 नियो स्मार्टफोन लॉन्च


**नईदिल्ली, एजेंसी**



स्मार्टफोन मेकर कंपनी मोटोरोला ने एज 40 नियो समार्टफोन को लॉन्च कर दिया है। कंपनी का दावा है कि ये दुनिया का सबसे हल्का स्मार्टफोन है। ये ढ्ढक्क68 अंडरवॉटर प्रोटेक्शन के साथ आता है, यानी फोन पानी में डूबने के बाद भी खराब नहीं होगा। कंपनी ने डिवाइस को इंडियन मार्केट में दो स्टोरेज वैरिएंट में उतारा है। इसके बेस वैरियंट 8 जीबी रैम + 128त्नक्च की कीमत 23,999 रुपए और 12 जीबी रैम + 256 जीबी स्टोरेज मॉडल की कीमत 25,999 रुपए है। लॉन्च ऑफर में स्मार्टफोन लिमिटेड टाइम के लिए बेस मॉडल 20,999 रुपए और टॉप मॉडल 22,999 रुपए में अवेलेबल है। इसके अलावा 1000 रुपए का एक्स्ट्रा एक्सचेंज बोनस और इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट भी मिलेगा। डिवाइस की सेल ई-कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट, मोटरोला की ऑफिशियल वेबसाइट और रिटेल स्टोर पर 28 सितंबर शाम 7 बजे से शुरू होगी। स्मार्टफोन कैनाल बे, ब्यूटी ब्लैक और सूथिंग सी जैसे तीन कलर में पेश हुआ है। मोटोरोला एज 40 नियो में 2400म1080 का पिक्सल रिजॉल्यूशन वाली 6.55 इंच की फुल एचडी डिस्प्ले दी गई है।

## मनोरंजन — बॉलीवुड का कोना

# किसी काम को आसानी से हां नहीं करता- गोविंदा



बॉलीवुड सुपरस्टार गोविंदा की आखिरी फिल्म 2019 में रिलीज हुई थी। बीते 4 साल से इंडस्ट्री से गायब एक्टर ने अब एक शॉकिंग रिविलेशन किया है। गोविंदा ने बताया कि उन्होंने पिछले साल करीब 100 करोड़ कीमत वाले प्रोजेक्ट्स को रिजेक्ट किया है। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उन्हें जो रोल ऑफर किए गए उनमें कुछ नयापन नहीं था। हाल ही में गणेश चतुर्थी के मौके पर एक्टर ने मीडिया इंटरेक्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'मैं आसानी से किसी काम के लिए हां नहीं करता पर जो लोग सोचते हैं कि मेरे पास काम नहीं, उन्हे बता दूं कि मेरे ऊपर बप्पा की कृपा है। मैंने पिछले साल करीबन 100 करोड़ के प्रोजेक्ट्स रिजेक्ट किए हैं।' गोविंदा ने आगे बताया, 'मैं शीशे के सामने खड़ा होकर खुद को थप्पड़ मार रहा था क्योंकि मैं कोई प्रोजेक्ट साइन ही नहीं कर रहा था। वो मुझे बहुत सारे पैसे ऑफर कर रहे थे पर मैं ऐसे ही कोई भी रोल नहीं करना चाहता था। मुझे कुछ ऐसा चाहिए था जो मैंने पहले ना किया हो। कुछ एक्सट्रीम लेवल का।' हाल ही में अमीषा पटेल ने खुलासा किया था कि गदर- एक प्रेम कथा के लिए गोविंदा मेकर्स की पहली पसंद थे। करीबन 170 फिल्मों में काम कर चुके गोविंदा ने 1986 में बॉलीवुड डेब्यू किया था। 90 के दशक में वो इतने पॉपुलर थे कि सबसे ज्यादा फिल्में एक साथ साइन करने का रिकॉर्ड बनाया था। एक्टर आखिरी बार 2019 में रिलीज हुई 'रंगीला राजा' में बड़े परदे पर नजर आए थे। हाल ही में गदर-2 फेम एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने यह खुलासा किया था कि 2001 में रिलीज हुई गदर- एक प्रेम कथा के लिए गोविंदा ही फर्स्ट चॉइस थे। हालांकि, डायरेक्टर अनिल शर्मा ने इस पर सफाई देते हुए कहा था कि उन्होंने एक्टर को सिर्फ फिल्म की कहानी सुनाई थी। उन्हें फिल्म ऑफर नहीं की थी।

# एक बार फिर कृति सेनन और टाइगर की जोड़ी दिखेगी



बॉक्स ऑफिस पर भिड़ेंगी सेनन सिस्टर्स 20 अक्टूबर को कृति सेनन की फिल्म 'गणपत' रिलीज होने वाली है। वहीं उनकी छोटी बहन नूपुर सेनन की भी डेब्यू फिल्म 'टाइगर नागेश्वर राव' 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। दोनों बहनों ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। कृति ने अपनी आने वाली फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा- सेनन सिस्टर्स। वहीं नूपुर ने अपनी फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा- 20 अक्टूबर को सेनन 1ह्य सेनन होने वाला है, इससे ज्यादा खुशी की बात मेरे लिए क्या होगी। गणपत में टाइगर श्रॉफ लीड रोल में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में उनका साथ देंगी कृति सेनन, अमिताभ बच्चन और एली अवराम। डायरेक्टर विकास बहल ने इस फिल्म को बनाया है। विकास ने इससे पहले कंगना रनोट के साथ फिल्म क्वीन और ऋतिक रोशन के साथ सुपर 30 बनाई थी। इन दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कलेक्शन किया था। अब उनकी आने वाली फिल्म गणपत - पार्ट 1 रिलीज को तैयार है। मेकर्स ने पहले से ही बता दिया कि इस फिल्म कई पार्ट बनाए जाएंगे। ये एक एक्शन ड्रामा फिल्म होने वाली है। टाइगर अपनी पिछली फिल्म 'हीरोपंती-2' में कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए थे। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। ऐसे में टाइगर के फैंस को गणपत से काफी उम्मीदें हैं।

# आलिया बोली- मेरी मां ने बहुत स्ट्रगल किया

आलिया भट्ट ने हाल ही में बताया कि उनकी मां सोनी राजदान ने एक एक्ट्रेस के तौर पर काम पाने के लिए बहुत स्ट्रगल किया है। एक इंटरव्यू में आलिया ने कहा- मुझे पता था कि मेरे परिवार फिल्म इंडस्ट्री में है। इसलिए स्वाभाविक तौर पर मेरा झुकाव भी इसके प्रति ज्यादा था, लेकिन मेरे पिता ने कभी भी ऐसा नहीं कहा कि जिस दिन तुम एक्टिंग करना चाहोगी, हम तुम्हें फिल्म दे देंगे। उन्होंने कभी भी ऐसा नहीं कहा। मां सोनी राजदान के बारे में बात करते हुए आलिया ने कहा- मेरी मां ने बतौर एक्ट्रेस बहुत स्ट्रगल किया है। बहुत लोग यह नहीं जानते हैं कि वह हमेशा एक एक्ट्रेस के तौर पर ज्यादा से ज्यादा काम करना चाहती थीं। वह हमेशा अपने लिए काम तलाशा करती थीं। एक डायरेक्टर और प्रोड्यूसर की पत्नी होने के बावजूद भी उन्हें उतना काम नहीं मिला, जितने की वह हकदार थीं। एक्टिंग के प्रति उनकी मां के जुनून ने उन्हें अपने काम को बेहतर बनाने के प्रति मजबूर किया।

**मैं उसे इंडिया में ऐसे बाहर टहलने नहीं ले जा सकती। यह हमारे यहां थोड़ा मुश्किल हो जाता है। मुझे उसके साथ इधर-उधर घूमना, गाड़ी में उसे सोते हुए देखना या उसे कैफे और शॉपिंग पर ले जाना बहुत पसंद है। मैं उसे बेबी करियर में बिठा देती हूं और वह मुझसे पूरी तरह चिपक जाती हैं। यह मोमेंट मुझे बहुत खास लगता है।**



### मैं शुरुआत में खुद को प्रूव करना चाहती थी

आलिया ने कहा- 'मुझे पता है कि मैं उस जुनून को एंजॉय करने का तरीका खोज लूंगी। भले ही मैं इतनी बड़ी एक्ट्रेस न बन पाऊं, लेकिन मैं अपना काम बेहतर करूंगी।' आलिया ने कहा कि 2014 में फिल्म हाईवे में काम करना उनके लिए सबसे बड़ा मौका था। इस फिल्म ने उन्हें ऐसे किरदार चुनने के लिए इंस्पायर किया, जो भले ही बॉक्सऑफिस पर हिट ना हो पाएं, लेकिन उन्हें एक कलाकार को तौर पर बेहतर बनाएं। आलिया ने आगे कहा- 'मैंने अपने करियर की शुरुआत में कुछ दिलचस्प और शायद जोखिम भरे ऑप्शन चुने क्योंकि शायद मैं खुद को साबित करने की कोशिश कर रही थी। मैं हमेशा ऐसे रोल्स करने की कोशिश करती थी, जिसमें मुझे एक्टिंग के अलावा भी बहुत कुछ करने को मिले।' आलिया ने बताया कि वो अपनी बेटी को वॉक पर ले जाना चाहती हैं।

# तरबतर हुआ भोपाल





**भोपाल।** आज तड़के से शुरू हुई तेज बारिश ने शहर में करीब 2 इंच पानी बरसा दिया। रात तीन बजे से यह सिलसिला जारी है।

## ब्लैकमेल मामला : जमानत याचिका निरस्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** रेल्वे के कंट्रोल आफिस में पदस्थ नृपेंद्र की जमानत याचिका भोपाल कोर्ट ने रद्द कर दी है। नृपेंद्र व उसकी महिला साथी फरार हैं। यह मामला रेल अधिकारी संजय कटारे को प्रताडित व ब्लैकमेल से जुडा है। बताया जा रहा है कि पुलिस आरोपी को तलाश रही है लेकिन नृपेंद्र का फोन बंद आ रहा है। पीडित रेल अफसर संजय कटारे व आरोपी एक ही आफिस में काम करते हैं। बताया जाता है कि कटारे ने गोविंदपुरा पुलिस को बताया था उनकी नृपेंद्र से पुरानी दोस्ती भी है। उन्हीं की बर्थडे पार्टी में एक युवती से मुलाकात हुई थी और दोनों की दोस्ती हो गई जब उन्होंने युवती का फोन उठाना बंद कर दिया तो वह नृपेंद्र सिंह कि मोबाइल से बात करने लगी। बाद में नृपेंद्र सिंह भी युवती को पैसे देने के लिए दबाव बनाने लगा। बताया जाता है कि कटारे युवती को करीब छह लाख दे चुके हैं।

### फाउंडेशन की मदद से साइन लैंग्वेज का प्रशिक्षण

# मूक-बधिर सदस्य करेंगे ट्रैफिक नियमों के पालन की अपील

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

वर्तमान में मूक-बधिर लोगों का अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके अनेक प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ट्रैफिक पुलिस भोपाल और डीईएएफ केन फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार को आम वाहन चालकों के खिलाफ एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत शहर के रोशनपुरा चौराहा और पीएचक्यू तिराहे पर मूक-बधिर सदस्यों द्वारा ट्रैफिक नियमों के पालन की अपील की जाएगी। यह सदस्य आम वाहन चालकों को वाहन चलाते समय यातायात नियमों की जानकारी देंगे, ताकि वाहन चलाते समय होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

वहीं अंतर्राष्ट्रीय मूक बधिर सप्ताह के तहत ऐसे मूक-बधिर लोगों की समस्याओं को समझने के लिए पुलिस अधिकारियों को डीसी फाउंडेशन की मदद से साइन लैंग्वेज का प्रशिक्षण दिया गया है। भोपाल पुलिस आमजन के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहती है, लेकिन जो लोग बोल और सुन नहीं सकते, उनकी बात समझने तथा मदद करने में पुलिस को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस प्रकार के लोगों की समस्या



फाइल फोटो

समझने और उनकी मदद के लिए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को डीसी फाउंडेशन संस्था की प्रीति सोनी तथा स्टॉफ द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में पुलिस आयुक्त कार्यालय में गुरुवार को विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। भोपाल पुलिस में इस तरह का यह पहला प्रशिक्षण सत्र है, जिसमें महिला ऊर्जा डेस्क तथा बाल कल्याण अधिकारियों को साइन लैंग्वेज का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अनुराग शर्मा, पुलिस उपायुक्त सुधीर कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू ठाकुर तथा करीब 100 अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## प्लास्टिक के पाइप चुराने वाला ऑटो चालक गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो ।** होशंगाबाद रोड स्थित एक गोदाम से प्लास्टिक के पाइप चोरी करने वाले लोडिंग आटो चालक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से चोरी का माल और आटो समेत करीब चार लाख रुपये का सामान जब्त हुआ है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी दिन के समय लोडिंग पाइप का परिवहन करता था और रात के समय ताला तो?कर चोरी की थी।

पुलिस के मुताबिक होशंगाबाद रोड स्थित शुभम नर्सरी के पास गोदाम से चोर प्लास्टि के पाईप चोरी कर ले गए थे। इस मामले की रिपोर्ट बीती 9 सितंबर को दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद मुखबिरों को सतर्क किया था। गुरुवार को सूचना मिली कि गोडाउन में हुई पाइप चोरी के मामले में आए फुटेज वाला लोडिंग वाहन आशिमा माल के पास मौजूद है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आटो चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम जगदीश अहिरवार निवासी चंदन नगर भानपुर थाना छोला मंदिर बताया। आगे पूछताछ पर उसने गोदाम से सामान चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर प्लास्टिक के दस बंडल पाइक और वारदात में उपयोग किया गया आटो जब्त कर लिया है।

## कट्टा-कारतूस के साथ जिलाबदर बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल।** बजरिया पुलिस ने कट्टा और कारतूस लेकर घूम रहे एक जिला बदर बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश के खिलाफ आर्म्स एक्ट के साथ ही जिला बदर कानून का उल्लंघन करने पर रासुका के तहत भी कार्रवाई की गई है।



पुलिस के मुताबिक बजरिया निवासी दानिश अली बदमाश है। कुछ समय पहले उसके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की गई थी। बुधवार शाम को सूचना मिली कि जिला बदर बदमाश दानिश अली द्वारिका नगर के पास कट्टा लेकर घूम रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर एक कट्टा और कारतूस रखा मिला। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि लोगों को चमकाने के लिए वह कट्टा लेकर घूम रहा था।

## तीन साल से फरार वारंटी गिरफ्तार

**भोपाल।** क्राइम ब्रांच की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी गुफरान अली (45) निवासी पुराना भदभदा पुल थाना कमला नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपी तीन साल पहले वर्ष 2020 में अवैध हथियारों के साथ अपने साथियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद से वह न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। कोर्ट ने आरोपी का गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। बुधवार को पता चला कि गुफरान अपने घर आया हुआ है। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया।

चोरी की बाइक के साथ बदमाश गिरफ्तार- क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि एक दुबला-पतला ल?का इकबाल मैदान के पास मोटर सायकिल बेचने का प्रयास कर रहा है, जो चोरी की हो सकती है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने संदेही युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम कमलेश कुशवाह निवासी कुशवाहा मोहल्ला सीहोर बताया। कमलेश के पास मौजूद बाइक का नंबर सर्च करने पर वह मुकेश मालवीय निवासी काला पीपल शाजापुर के नाम निकली। पूछताछ पर आरोपी ने उक्त बाइक काला पीपल से चोरी करना स्वीकार किया, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# डीईओ की कार्यप्रणाली से नाराज एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने कुर्सी पर चिपकाया लापता डीईओ का पोस्टर

### डीईओ कार्यालय पहुंचे एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया, डीईओ त्रिपाठी मुर्दाबाद के लगे नारे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

लापरवाह कार्यप्रणाली को लेकर हमेशा चर्चाओं में रहने वाले जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी एक बार फिर विवादों में हैं। इस बार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने डीईओ की कार्यप्रणाली को लेकर कई सवाल उठाए हैं। इसके साथ ही एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने गुरूवार को इसके विरोध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया। यहां डीईओ की कुर्सी पर लापता का पोस्टर लगाते हुए कक्ष में रखी कांच की टेबल चकनाचूर कर दी।

काफी देर तक कार्यकर्ता डीईओ अंजनी कुमार त्रिपाठी



मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे। हंगामे के बाद एबीवीपी के कार्यकर्ता डीईओ दफ्तर में डीईओ को सुधरने की चेतावनी देकर चले गए। एबीवीपी जिला महानगर मंत्री प्रभाकर मिश्रा का कहना है कि डीईओ त्रिपाठी का रवैया उदासीन रहता है। डीईओ की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं होता है, तो फिर आंदोलन किया जाएगा।

### यह है पूरा मामला



**दरअसल,** जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी पर दसवीं–बाहरवीं की पूरक परीक्षा में अनियमितता की जांच चल रही है। डीईओ पर दफ्तर से नदारद रहने के आरोप लगते रहते है। अधिकांश लोग डीईओ पर फोन नहीं उठाने के आरोप भी लगाते है। जिसमें एबीवीपी के कार्याकर्ता भी नाराज चल रहे है। स्कूलों व दसवीं–बारहवीं के पूरक परीक्षा को लेकर एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने कई बार डीईओ से दफ्तर में मिलने की कोशिश की और फोन पर भी संपर्क किया, लेकिन डीईओ दफ्तर में नहीं मिले। फोन पर भी उन्हें रिसपांस नहीं मिला। गुरुवार दोपहर में एबीवीपी के कार्यकर्ता महानगर मंत्री प्रभाकर मिश्रा की अगुवाई में डीईओ दफ्तर पहुंचे। यहां डीईओ दफ्तर से गायब थे। उनके कक्ष मे ताला लगा हुआ था। दफ्तर में किसी के पास उनकी अनुपस्थिति में किसी के पास चार्ज भी नहीं था। कार्यकर्ताओं ने डीईओ से फोन पर संपर्क किया, तो लेकिन कोई जबाव नहीं मिला। इससे नाराज होकर कार्यकर्ताओं ने खूब हंगामा किया।

### पूरक परीक्षा में अचानक बदला था केंद्र, बच्चे हो रहे परेशान

भोपाल जिले में माशिमं की दसवीं-बारहवीं की पूरक परीक्षाओं में सरोजनी नायडू शिवाजी नगर को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। अचनाक की इस परीक्षा केंद्र को बदल दिया गया। जिससे इस केंद्र पर पहुंचने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा देने में परेशानी हुई। इन परीक्षा केंद्र के विद्यार्थियों का पेपर सुबह के बजाय परिवर्तित परीक्षा केंद्र में दोपहर में लिया गया था। परीक्षा केंद्र में लापरवाही का ठीकरा डीईओ अंजनी कुमार त्रिपाठी ने माशिमं के अधिकारियों पर फोड़ा था।

### जेडी ढाई माह में पूरी नहीं कर सके जांच

मंडल सचिव ने परीक्षा केंद्र में हुई लापरवाही को सिल-सिलेवार बताते हुए डीईओ त्रिपाठी पर कार्यवाही के लिए आयुक्त लोक शिक्षण अनुभा श्रीवास्तव को पत्र लिखा। साथ ही पत्र में तीन दिन में अनुशासनात्मक कार्यवाही कर अवगत कराने के लिए भी कहा गया था। लेकिन आयुक्त ने मामले की जांच संभागीय संयुक्त संचालक अरविंद कुमार चैरग? को सौंपी है। करीब ढाई माह से ज्यादा समय होने के बाद भी डीईओ के खिलाफ जांच पूरी नहीं हो सकी है।

**मेट्रो एंकर** श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र का मामला...

# बदसलूकी करने पर युवती ने दोस्त के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**श्यामला हिल्स पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर उसके दोस्त के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज किया है।**

आरोपी ने सरेराह युवती के साथ विवाद करते हुए बदसलूकी कर दी थी। राहगीरों से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को लेकर थाने पहुंची थी। पुलिस के मुताबिक 28 वर्षीय युवती का दोस्त मनीष पुराने शहर में रहता है। बुधवार रात दोनों एक साथ घूमने निकले थे। रात करीब साढ़े ग्यारह बजे पालीटेक्निक चौराहे पर उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिस पर मनीष ने युवती के साथ बदसलूकी कर दी। राहगीरों से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुची पुलिस दोनों को लेकर थाने पहुंची, जहां युवती ने मनीष के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट का केस दर्ज करवा दिया।

### सुपरवाइजर ने महिला से की छेड़छाड़



**भोपाल।** निशातपुरा पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर साइट सुपरवाइजर के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज किया है। आरोपी कई दिनों से महिला पर बुरी नजर रखे हुए था। बुधवार को छेड़छाड़ करने पर पीड़िता ने विरोध किया तो पति के साथ मारपीट कर दी।

पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 31 वर्षीय महिला मजदूरी करती है। फिलहाल वह इलाके में निर्माणाधीन एक अस्पताल की बिल्डिंग में का कर रही है। उसका पति वहीं पर चौकीदारी करता है। साइट सुपरवाइडर मुकेश शुक्ला काफी दिनों से महिला को परेशान कर रहा था। बुधवार सुबह करीब ग्यारह बजे उसने महिला का बुरी नीयत से हाथ पकड़ लिया। महिला के शोर मचाने पर पति वहां पहुंचा और मुकेश की हरकत पर ऐतराज किया। इस पर मुकेश ने महिला के पति के साथ मारपीट कर दी। उसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।


**ज्योतिष परामर्श**

*ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली किसी व्यक्ति के जीवन के सटीक आंकलन का दस्तावेज है। जीवन में सितारों और ग्रहों की चाल के विश्लेषण के माध्यम से करियर, शिक्षा, प्रेम, जीवन के बारे में सटीक अनुमान जानने व सही निर्णय लेने में सक्षमता के लिए संपर्क करें*

श्रुति रावत
ज्योतिषाचार्य
व कुंडली
विशेषज्ञ

व्हाट्सएप नं.
7869267010
कॉलिंग नंबर
7415497010



shrutirawat16@gmail.com

परामर्श का समय : दोपहर 3 से 5 बजे तक, शुल्क : 501 रुपए


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022